SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Sir, on behalf of the Nationalist Congress Party, I would like to extend my best wishes to all the retiring Members. You have very beautifully analysed, in your introductory speech, the contributions of all the retiring Members. You have also said, which was seconded by Prof. Ram Gopal Yadav, that, probably, it is the first time that a galaxy of such illustrious Members is leaving us at one go. Sir, I want to compliment you for one thing that, today we all feel that we are bonded very beautifully. Though we sloganed against each other several times; we may have come into the Well, but the kind of emotional inspiration that you have given from the Chair, time and again, has certainly brought us together. When so many Members are leaving us, it, definitely, makes us feel that we are going to miss them.

I wish to extend my best wishes that most of you will come back, but even if you don't, I am sure that you have better plans because when you say goodbye, it is also a hello to a new beginning. So, I wish you all the best for a very, very good inning in future.

Most of them are still young. I would have loved to take the names. In fact, I would like to thank Jairam Rameshji. He has been heading us in the Science and Technology Committee meetings. All these were superb meetings and it was really a treat to be there. Anand Sharmaji is there. I mean, all these Members, when they

speak, they actually make us feel that we benefit so much and we get so much of knowledge. There are several names, but to keep myself short, I would like to once again convey my best wishes to all of you and I am sure you have a wonderful future even when you are out from here. Thank you very much, Sir.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Vandanaji. Now, Shri Anand Sharma. We will be adjourning at 1 o'clock for lunch and then come back and continue.

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Hon. Chairman, Sir, this is a special occasion for the House and for me also. It is a day to reflect and a day to share a few thoughts. It is also a day to express the gratitude.

माननीय सभापति महोदय, मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे प्रेरणा दी। माननीय उपसभापति महोदय और माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो शब्द बोले और शुभकामनाएं दीं, अन्य दलों के नेताओं, जिनका स्नेह और सम्मान मिला, मैं उन सबके प्रति कृतज्ञ हूं और धन्यवाद करता हूं।

माननीय सभापति महोदय, मैं एक छोटे राज्य हिमाचल प्रदेश से यहां आया। शिमला में मेरा जन्म हुआ और मैंने कभी यह सोचा नहीं था कि इस विशाल देश के सदन को देखने का मौका मिलेगा, यहां प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा और यह देश मुझे यह सम्मान देगा कि विश्व में मैं भारत का तिरंगा लेकर यहां का प्रतिनिधित्व कर पाऊंगा। इसे मैं अपने लिए एक बहुत बड़ा वरदान समझता हूं। एक समय था जब हमने साधारण, किंतु सम्मानित परिवार में जन्म लिया और आज मैं अपने माता-पिता को स्मरण कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे अच्छे संस्कार दिए। मैं अपने टीचर्स का स्मरण कर रहा हूं, जिन्होंने शिक्षा दी और इस योग्य बनाया कि हम जहां भी गए, अपनी जिम्मेदारी को निभा सके। मैंने अपनी माता से दो चीजें सीखी थीं, जिसे कभी भूला नहीं। एक, सच्चाई बोलना और दूसरा, ईमानदारी से रहना और घबराना नहीं। हमने जो कहा, उन सिद्धांतों में विश्वास किया है। यह सदन भारत की विविधता का प्रतीक है, उसकी विशालता का प्रतीक है। हम बहुद्देश्यीय, बहुधर्मी देश है। हम अलग-अलग राज्य के लोगों से मिले, उनसे सीखने का अवसर मिला और जो ज्ञान साथ लाये थे, उससे बहुत ज्यादा समेटकर कई यादों के साथ जा रहे हैं। हम उस तरफ भी रहे, इस तरफ भी हैं -सत्ता पक्ष भी देखा, विपक्ष भी देखा।

सभापति महोदय, मैं पहली बार सन् 1984 में यहां आया था, तब इंदिरा गांधी जी प्रधान मंत्री थीं। मैं उनका कृतज्ञ हूं। बाद में राजीव जी प्रधान मंत्री बने। दोनों देश के लिए शहीद हुए। आज मैं अपना फर्ज़ समझता हूं कि अपना दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और आजादी के बाद भारत का निर्माण किया, का धन्यवाद करूं। महोदय, मैं अपने दल के नेतृत्व का भी धन्यवाद करूंगा, श्रीमती सोनिया गांधी जी का भी धन्यवाद करूंगा और अपने सारे सहयोगियों का भी धन्यवाद करूंगा। महोदय, मैंने इस सदन में अच्छे क्षण देखे हैं और अनुभव से बहुत सीखा है। मैंने इस सदन के अंदर अटल बिहारी वाजपेयी जी को देखा, सुना और उनका स्नेह भी प्राप्त किया। मैंने एल.के.आडवाणी जी और जनेश्वर मिश्र जी को देखा। यह सूची बहुत लंबी है, जिससे हमने सीखा। हमने उन लोगों के योगदान को भी देखा है कि उन्होंने

देश के लिए क्या किया है। महोदय, प्रजातंत्र की यही खूबी और शक्ति है कि यहां पर इतने बड़े देश की अलग-अलग सोच है। आज यहां भारतीय जनता पार्टी सत्ताधारी दल है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विपक्ष में है। दूसरे दल भी हैं, जो कि अपने-अपने राज्यों के बड़े दल हैं। राष्ट्रीय दल मजबूत रहें और सभी दल पनपें, उसी से यह प्रजातंत्र पनपेगा। उसी से प्रजातंत्र पनपेगा, क्योंकि 'एक सोच, एक विचार' कभी नहीं हो सकता। वैचारिक मतभेद कभी पारस्परिक न बने, political and ideological differences are the strength of democracy. They must never be made personal. There should not be any bitterness injected. सर, मैं संस्कृत का एक श्लोक कहना चाहता हूँ :

*"नैकं चक्रं परिभ्रमति।"*

एक पहिए पर देवताओं का रथ भी नहीं चलता, प्रजातंत्र के रथ को चलने के लिए दो पहिए जरूरी हैं - एक, सत्ता पक्ष और दूसरा, विपक्ष, तभी वह चलेगा। Even the chariot of God cannot move on one wheel, you require more and we must always remember this. मैं केवल एक चीज़ कहना चाहता हूँ, जिसका मुझे कई बार दुख भी हुआ, अभी भी मन पर बोझ रहता है और वह यह है कि लोग राजनैतिक जीवन में राजनैतिक विरोधी या आलोचक को एक शत्रु के रूप में देखने लग गए हैं, जो नहीं होना चाहिए। जिस तरह की कटुता हम देखते हैं, वह कहीं न कहीं इस महान सदन की मर्यादा को चोट पहुँचाता है। माननीय सभापति महोदय, उपसभापति महोदय और आपसे पहले जो रहे, मुझे इस बात का गर्व है और आज मैं कह सकता हूँ कि मैं अपने लंबे जीवन में इस सदन में बहुत बोला हूँ सदस्य के रूप में, उपनेता के रूप में, मंत्री के रूप में, पर मेरे एक भी शब्द पर किसी को आपत्ति नहीं हुई। Never ever even one single word has been expunged in this House. I am equally proud कि जब से मैं इस सदन में आया और आज जा रहा हूँ, यानी विदाई के दिन तक मैं कभी वैल में नहीं गया। इससे कोई नाराज न हों, सब दोस्त हैं। मैंने सदन के नियमों और मर्यादाओं का पालन किया और यह कोशिश की कि वह मर्यादा कभी न टूटे। आजकल हर चीज़ की प्रतिस्पर्द्धा रहती है, इसलिए मैं आप सबसे यह आग्रह करता हूँ कि सब लोग मिल कर देश के अंदर एक ऐसा वातावरण बनाएँ कि लोग प्यार से रह सकें, सम्मान से रह सकें, एक-दूसरे की बात आदर से सुनें। अंत में मैं एक संस्कृत का श्लोक कहना चाहता हूँ :-

*"आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।"*

इसका अर्थ क्या है? जो दृश्य, भंगिमा, विचार, व्यवहार, प्रतिक्रिया आपको स्वयं के लिए अच्छी नहीं लगती, वह दूसरों के साथ न करें - यह मेरा सबसे आग्रह है। हमारे बुज़ुर्ग यह संदेश दे गए हैं, अगर हम इसको अपनाएँगे, तो हम एक अच्छे समाज और एक अच्छे देश की रचना करेंगे। जहाँ हम यहाँ की यादें और अनुभव लेकर जा रहे हैं, वहीं आज मैं इस सदन के सभी लोग, हमारे जो अधिकारी हैं, सेक्रेटरी जेनरल हैं, टेबल ऑफिस के अधिकारी हैं, मार्शल्स हैं, चैम्बर अटेंडेन्ट्स हैं - मैं इन सबका धन्यवाद करता हूँ। मैं यह जरूरी समझता हूँ। मैं उन सबका धन्यवाद करता हूँ,

जिनका हमें सहयोग मिला, जिन्होंने हमें आदर दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार, हर सदस्य और तमाम विपक्ष के लोगों को अपनी मंगलकामनाएँ और शुभकामनाएँ देता हूँ और विदाई लेते हुए एक चीज़ कहना चाहता हूँ कि राजनीति में बहुत चीज़ें कही जाती हैं, आप लोग भी यही दुआ कीजिए कि जिस दल से आप जुड़े हैं, वह मजबूत हो। जैसा मैंने कहा कि राष्ट्रीय दल, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ही है, जिसकी वजह से मैं यहाँ हूँ और हमारी यह कोशिश रहेगी कि हम फिर वहाँ जाएँ और आपको यहाँ लाएँ। धन्यवाद, जय हिन्द!

SHRI ANIL DESAI (Maharashtra): Sir, we are bidding farewell to our retiring Members. On behalf of my party, Shiv Sena, and our Shiv Sena Party President, our hon. Chief Minister of Maharashtra Uddhav Thackeray*ji*, I wish all the very best to them. All these Members have contributed immensely. With their knowledge, they served the House. They served the cause of the nation. They served the people of the country. I wish in future too they would play the same role. I am hopeful, as Ram Gopal*ji* said, that their respective party leadership will definitely think of their contribution, what they have done for the nation, and send them back in the House so that the House remains the same and we keep getting the experience from them and we keep getting knowledge from them. And those, who are not returning, of course, I wish them the best. They will be in a very different role. They will be serving the cause of the nation. They will serve the people of the country. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN: There is a list in front of me. The Leaders of the Parties are also there. First I am exhausting it. Then we will go to individual Members also. Please bear with me. Prof. Manoj Kumar Jha.

**प्रो. मनोज कुमार झा** (बिहार) : माननीय सभापति महोदय, विश्वविद्यालय से लेकर अब तक, मेरे लिए सबसे कठिन क्षण वह होता है, जब farewell के दिन अपनी बात रखनी होती है। मैं दो शब्द ही कहना चाहूँगा। इनमें से हमारे बहुत सारे रिटायरिंग मेम्बर्स वापस आएंगे, कुछ वापस नहीं आएंगे। आज तक मानव विज्ञान ने ऐसी पद्धति विकसित नहीं की है, जिससे किसी व्यक्ति का exact replacement हो जाए। यह एक void सा रहेगा। सर, तीन अप्रैल को मेरे चार वर्ष पूरे होंगे। अगर मैं सोचता हूँ कि किससे क्या ग्रहण किया, तो मैं गिन नहीं पाऊँगा। मैं आप सभी रिटायरिंग मेम्बर्स को दिल से शुभकामनाएं देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि आप जहाँ-कहीं भी रहें, संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा और पताका उठाते रहें, जय हिन्द!

SHRI VAIKO (Tamil Nadu): Sir, this is my fourth term in the Rajya Sabha. I have spent 56 years of my life. When I entered the Rajya Sabha, I heard and I was astonished to hear the roaring voice of the lion of the Rajya Sabha, Shri Bhupesh

Gupta. The next speech was of Shri N.G. Ranga and then it was Shri Atal Bihari Vajpayee. And great personalities like Arignar Anna have adorned this House. Today, because of paucity of time, I can't mention the names of all. Shri Anand Sharma, Shri Jairam Ramesh, Shrimati Nirmala Sitharaman, Shri R. S. Bharathi and there are so many Members. Life is full of sorrow and pleasure and parting is always painful. Today we may be parting. We may come back. Some of them may come back and some of them may not come back. We may meet them in future. We may not meet. But we can never forget the best experience we have had here with our colleagues. I wish all my colleagues success in their endeavour, whichever they may take. They may succeed in their life with full pleasure and happiness. Thank you very much, Sir.

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Sir, I wish all the very best to all the retiring Members. Last year, I was also thinking that I would be retiring, but I came again. So I hope everybody will be coming back. Some of them, either from here or there, will be coming back. Once again, we wish all the best to Jairam *ji* and Anand *ji* especially. Thank you very much, Sir.

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : सर, 72 माननीय सांसद, जो इस सदन में 19 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, मैं आज उनकी रिटायरमेंट पर सबसे पहले उनके भविष्य के लिए हृदय से शुभकामनाएं देता हूँ। इसके साथ ही, मैं एक लाइन कहना चाहूँगा :-

*"उसको रुख्सत तो किया था मुझे मालूम न था,*
*सारा घर ले गया, घर छोड़ के जाने वाला।"*

मान्यवर, यहाँ से जाने वाले सदस्यों की, उनके योगदान की हमेशा याद आती रहेगी। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। आपने इस चेयर से एक दिन कहा था कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है और उस विशेषता का प्रतिनिधित्व यह सदन करता है।

मान्यवर, हम लोग आपसे कई बार बहुत कुछ सीखते हैं। हमारे आचरण पर कई बार आपकी जो आपत्तियाँ होती हैं, उनको हम गंभीरता से लेते हैं और अपने अंदर सुधार करने का प्रयास भी करते हैं। आप इसी तरीके से हम लोगों को एक अभिभावक के तौर पर शिक्षित और प्रशिक्षित करते रहिएगा। आज जो साथी इस सदन से जा रहे हैं, उनके लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ! मैं यह उम्मीद करता हूँ कि इनमें से बहुत सारे सदस्य यहाँ फिर से आएँ। इस सदन में सामंजस्य का जो वातावरण रहता है, वह ऐसा ही बना रहे और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हम सारे लोग काम करते रहें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार।

MR. CHAIRMAN: There are 28 Members who have given their names. So, I will give opportunity to all of them but each one will get a maximum of two to three minutes.

Please keep that in mind. After lunch, at 2 o'clock, we will assemble again and by 3.30 p.m., the Leader of the House will conclude the farewell speeches. Now, the House is adjourned to meet at 2 o'clock.

*The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.*

*The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ram Nath Thakur.

**श्री राम नाथ ठाकुर** (बिहार) : माननीय उपसभापति महोदय, आज विदाई का दिन है। आज इस सदन से 19 राज्यों के 72 अनुभवी, श्रद्धेय, आदरणीय और ज्ञान देने वाले लोग रिटायर हो रहे हैं। मेरी कामना है कि वे पुनः यहां लौट कर आएं और अपने अनुभव और ज्ञान को हमारे बीच में बांटने का काम करें। मैं उन्हें अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से शुभकामनाएं देता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूंः

*'नज़रें बता रही हैं, तुम दूर जा रहे हो,*
*पर दिल कह रहा है, तुम पास आ रहे हो।'*

धन्यवाद।

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, many senior Members of this august House are retiring. This House has been a bond for many Members. When they come out of this House to the Central Hall, they move as brothers, sisters, friends, well-wishers and some like a family. In fact, this House is a bond for everybody from Kashmir to Kanyakumari and Members would miss this bond. Unfortunately, it is an emotional day for everybody. We have seen the skill of most of the Members, their performance in the House, their contribution to the nation and their respective parties in various debates. Senior Members from my State, A.I.A.D.M.K and D.M.K, are retiring. I wish for many Members that they come back to this House. Some Members have opted for their organization works. I am sure they would do their duty to the society in their personal capacity. On behalf of my Party, Tamil Maanila Congress (Moopanar), I wish all the Members a great future. Thank you, Sir.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. On this occasion, with a painful heart, I wish to say a few

words. While entering into this House, I considered myself fortunate enough that I had become a part of this House with stalwarts of this House like A.K. Antonyji, Piyush Goyal*ji*, Jairam Ramesh*ji* and Anand Sharma*ji*. So many Members are here and there. I used to learn from them. From our Party, Shri Y.S. Chowdary was the Parliamentary Leader. He is also retiring this time. I learnt from him. From our State, Shri Vijayasai Reddy is also retiring. Irrespective of the political considerations, I really appreciate the performance of Shri Vijayasai Reddy. I hope that they will come back to the House and they will render their service to the nation. Their contribution to the House is also very much required. I am fortunate and I thank my leader, Shri N. Chandrababu Naidu, for giving me this opportunity to become a part of this Parliament. Thank you, Sir.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Mr. Deputy Chairman, Sir, many of our senior colleagues are going to retire from this august House after successfully completing their terms. I am not standing here to give farewell to all of you. I know that those who are going to retire after a few days, they will come back again. They may be or may not be in the House but their contributions towards the society will continue. We will be always remembering their contributions to the parliamentary democracy. I, on behalf of my party, Asom Gana Parishad, would like to wish all of them a healthy and successful life. Thank you very much, Sir.

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मैं आज अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को, अपने प्रो. राम गोपाल यादव जी को, श्रीमती जया बच्चन जी को और अपनी पार्टी के colleagues, चौधरी सुखराम सिंह यादव जी और श्री रेवती रमन सिंह जी, जो हमारे साथ रिटायर हो रहे हैं, उनको बधाई देता हूं। मुझे दूसरी बार राज्य सभा में प्रो. राम गोपाल यादव जी ने, नेता जी ने और अखिलेश जी ने भेजने का काम किया। मैं तो यह सोच भी नहीं सकता था कि मैं राज्य सभा में आऊंगा। मैं वर्ष 1996 में 11वीं लोक सभा का एक बार सदस्य रह चुका हूं। हमने सदस्य के रूप में अपने सदन के सभी नेताओं से यहां की परम्पराएं सीखीं कि कैसे बोलना चाहिए और माननीय उपसभापति महोदय, आपने हम लोगों को बहुत संरक्षण दिया, बहुत बुलवाने का काम किया। ऐसे तमाम मौके आए, जिनमें हम लोगों ने चाहे संकल्प के माध्यम से, चाहे बिल के माध्यम से, चाहे प्रश्नों के माध्यम से, चाहे ज़ीरो ऑवर और विशेष उल्लेख के माध्यम से गरीब जनता के मामलों को यहां रखा। खास तौर पर हम लोगों ने ओ.बी.सी. वर्ग के लोगों की जाति जनगणना कराने और उनकी संख्या के आधार पर भागीदारी दिलाने की बात यहां रखी। मैंने कई बार प्राइवेट मेम्बर बिल के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में परिभाषित करने का मामला यहां रखा। हम लोग चाहते हैं कि देश में जो विसंगतियां हैं, जो शिक्षा की कमी है, वह दूर हो। देश में समान शिक्षा हो, जिससे गांव के गरीब गुरवा लोग भी सदन में और अन्य सभी जगहों पर अपनी भागीदारी ले सकें। अंत में, मैं अपनी पार्टी

के नेताओं को और प्रो. राम गोपाल यादव जी को, राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सब को बधाई देता हूं कि हम लोग दूसरी बार यहां आए। अब पार्टी हमें जो भी जिम्मेदारी देगी, हम लोग ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे। देश के तमाम राज्यों के जो हमारे साथी यहां सदस्य रहे हैं, हम उनको याद करते रहेंगे, उनसे मिलते रहेंगे। जय हिन्द!

**श्रीमती रूपा गांगुली** (पश्चिमी बंगाल) : उपसभापति महोदय, मैं तैयार होकर आई थी। जैसे चेयरमैन सर ने कहा था, लेकिन उनकी और प्रधान मंत्री जी की स्पीच सुनकर मेरी सारी सोच इधर से उधर हो गई। इतनी नॉलेज और experience के सामने सिर झुक जाता है। I was nominated to the Rajya Sabha by the hon. President of India and I joined this esteemed House on 4th October, 2016. जिंदगी बड़ी अजीब रही। मैं अंत्योदय से राजनीति में उद्बुद्ध होकर आई और 7 जनवरी, 2015 से मेरी राजनीतिक जिंदगी शुरू हो गई। उससे पहले मेरा दूर-दूर तक राजनीति से कोई संबंध नहीं था। इसमें बाधाएं बहुत थीं और मेरे दोस्त कहते थे कि इतनी कागज में क्यों जकड़ी हुई हो? एमपीज़ को तो इतना पढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती, बैठे रहो और ऐश करो। मुझे लगा कि मोदी जी की सरकार में कहां कोई बैठा रहेगा और ऐश करेगा। मेरा एक सजेशन है कि हमारी जो नई पार्लियामेंटरी बिल्डिंग, Central Vista बन रही है, वहां पर travelator लगाया जाएगा, तो बहुत अच्छा रहेगा। यहां के सभी नेता और मंत्री जल्दी-जल्दी भागते हैं, यह उनको बहुत अच्छा लगेगा और उनको फायदा होगा। सर, हम लोग undivided Bengal से आते हैं। Dhaka और Barishal का combination है। पिताजी Dhaka से हैं और मां Barishal से है, तो मैं बड़ी गुस्से वाली इंसान हूं। यहां आकर सदन की गरिमा से चुप हो जाती हूं और मुझे डर लगता है कि मेरे किसी भी गलत शब्द से पार्लियामेंट की गरिमा, सम्मान की हानि न हो जाए। मुझे बनना तो था architect और बन गई artist. उसके बाद प्रोफेशन से छुट्टी लेनी पड़ी, क्योंकि ये दोनों ही बहुत time consuming हैं और commitment वाले काम हैं। मुझे ज्यादा तो कुछ बोलना नहीं है। मैं कहना चाहती हूं कि मैं rules and procedures बिल्कुल नहीं सीख पाई। पार्लियामेंटरी स्किल्स नहीं सीख पाई और वह एकदम ठीक से नहीं आ पाया। भूपेन्द्र यादव जी और देरेक जी, ये दोनों जब प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाते हैं, इनसे मैं बहुत प्रभावित हूं। मुझे बहुत अच्छा लगता है और मैं हर दिन सोचती हूं कि ये कैसे इन चीज़ों को याद रखते हैं। सर, मैं वायदा करती हूं कि मैं घर जाकर पूरी रूल बुक याद करूंगी और जितना मैं सीख पाई, वह मै आगे कार्यकर्ताओं को सिखाऊंगी। सर, मैंने कई बार सोचा था कि मैं बांग्ला में बोलूंगी, लेकिन मुझे * "Many times I thought of speaking in Bangla. However, I could not deliver a speech in Bangla in the Parliament. But I thought that, Sir" मैं हमेशा सोचती हूं कि बांग्ला तो मुझे आती है, अब तो हिंदी और अंग्रेजी सीखनी थी, तो उन्हीं पर मैं ज्यादा ध्यान देती हूं। सर, मुझे और दो-तीन मिनट दीजिए। आपसे बहुत दिनों तक मुलाकात नहीं होगी। जब मैं Commerce Committee में आई, तो मुझे कुछ दोस्तों ने बोला - नये-नये एमपी हो और इसके बारे में कुछ पता नहीं है। हमें सजेशन देने वाले बहुत लोग मिल जाते हैं - तो उन्होंने कहा कि आपको कॉमर्स

---

* English translation of the original speech delivered in of Bangla.

कमेटी में दो साल हो गए हैं, फिर से दो साल के लिए वहीं जा रही हो, letterhead में नाम बढ़ाना होता है, एक-एक या दो-दो साल के बाद कमेटी को चेंज करो। मैंने कहा, 'नहीं, मुझे at least कुछ तो सीखने का मौका मिलेगा'।

सर, मैं दो-चार छोटे-छोटे सजेशन्स देना चाहती हूं। मैं केवल 30 सेकंड्ज़ में अपनी बात समाप्त कर दूंगी। Mentoring का प्रोग्राम होना चाहिए और पार्लियामेंट में artifacts के जो counters हैं, वहां पर fountain pen introduce करना चाहिए। मैं सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। मैंने जब 'महाभारत' में किरदार निभाया था, तो मुझे कहा जाता था कि रसगुल्ला खाने वाली बंगाली क्या हिंदी बोलेगी! मुझे यहां से बहुत सारी चीज़ें सीखने को मिलीं और मुझे बहुत अच्छा लगा।

सर, आखिर में मैं एक और बात कहना चाहूंगी कि यह जो parliamentary किताब है, इसको जो भी फेंकते हैं, उनको बहुत दुख होता होगा। यह पार्लियामेंटरी किताब है, Rules Book है, तो अगर हम soft toys के material से पार्लियामेंटरी किताब बनाएं, तो उनको फेंकने के बाद भी ज्यादा दुख नहीं होगा। ऐसी बहुत सारी चीज़ें हैं और हम ऐसे बहुत सारे नए-नए ideas के साथ आ सकते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri K. Somaprasad.

SHRI K. SOMAPRASAD (Kerala): Sir, I would like to take this opportunity to express my sincere thanks and regard to the Chair and all the other hon. Members of this august House. I never expected that I would become a Member of this august House. I must express my thanks to my party. This was a very unique experience to me to attend this august House with eminent personalities, lawyers, artists and other eminent personalities, among cross-section of our nation. This is a very unique experience for me and it will help in my future public work. I have entered the Well several times as part of protests. That decision was not taken by me. That decision was taken by my Party and the group. I obliged, as I was only following that decision, whether right or wrong. But, I do not regret that because that was a part of my job. Anyway, everybody cooperated with me. I would like to express my sincere thanks to everybody, especially, the Chair, the Chairman, the Deputy Chairman, Panel of Vice-Chairmen and all other Members, the staff, the office-bearers, officers, everybody. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. former Prime Minister, Shri H.D. Devegowda.

SHRI H.D. DEVEGOWDA (Karnataka): Sir, I came to this House about two years back. I did not come in contact with all the Members who are going to retire today. I don't think all of them are going to retire; some of the Members will certainly come

back to this House. I would be able to work with those who come back to this House again. When I was a Member in the Lok Sabha, I came in contact with several Members of this House. But, I would like to convey my respect and regards for the contributions that they have made in this House on all issues. Jairam Ramesh*ji* is sitting here, but I was unable to work with him. He is from my home State. And, so many Members, including Dr. Subramanian Swamy, have worked with me.

Sir, I must convey my regards to all Members who have contributed their mite to this House. I was watching some of the issues but I am not happy. We are all here to extend our cooperation to the Chair. Today morning, the hon. Chairman made a thought-provoking speech as also the hon. Prime Minister, the hon. Leader of the Opposition and your good-self. I was here. I was able to understand what you people have said. The only thing is, today we are losing very close friends from this House. I hope and pray to the Almighty that they come back to this House and we work with them again in the very same House.

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद एच.डी. देवेगौड़ा जी। माननीय चौधरी सुखराम सिंह यादव जी, आप अपनी स्पीच आरम्भ कीजिए।

**चौधरी सुखराम सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे आज इस अवसर पर बोलने का मौका दिया।

माननीय उपसभापति जी, आज समाजवादी पार्टी से हम तीन लोग रिटायर हो रहे हैं। हम सात लोग आए थे। माननीय बेनी प्रसाद वर्मा जी स्वर्ग सिधार गए, अमर सिंह जी स्वर्गवासी हो गए और हमारे दो साथी - श्री सुरेन्द्र सिंह नागर और श्री संजय सेठ हमारा साथ छोड़कर चले गए, इसलिए अब हम केवल तीन बचे। ..(**व्यवधान**)..नीरज शेखर पहले से थे। हम लोग केवल तीन सदस्य बचे हैं। मैं इस उम्मीद में नहीं हूं कि मैं यहाँ दोबारा आ पाऊंगा, क्योंकि मैं जानता हूं कि मुझे माननीय मुलायम सिंह यादव जी ने सांसद बनाया था। यदि माननीय मुलायम सिंह यादव जी इस ताकत में होते, तो मैं आज डंके की चोट पर यह बात कहता कि मैं फिर से आ रहा हूं। माननीय मुलायम सिंह जी का स्वास्थ्य इतना अच्छा नहीं है कि वे आगे किसी की कुछ मदद कर पाएंगे, लेकिन उन्होंने मुझे जो कुछ भी दिया, वह कभी भी कम नहीं रहा। मुझे प्रदेश में मंत्री बनाया गया, मुझे विधान परिषद् का सभापति बनाया गया, इसलिए मैं मानता हूं कि सारा का सारा आशीर्वाद हमारे ताऊ चौधरी रामगोपाल सिंह जी - जो किसान पंडित के नाम से जाने जाते थे, जो सांसद रहे, हमारे पिता चौधरी हरमोहन सिंह जी भी यहाँ दो बार राज्य सभा के सांसद रहे और माननीय मुलायम सिंह यादव जी - इन तीन लोगों का आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहा। उपसभापति जी, सबसे बड़ा आशीर्वाद मेरी माँ का था और जब मैं पहली बार किसी पद पर आता था, तो सबसे पहले जाकर अपनी माँ का आशीर्वाद लेता था। मैं समझता हूं कि उसी के आशीर्वाद से आज तक सब कुछ मुझे मिला है।

यहां इस सदन में मैंने 2-3 बातें देखी हैं। मैं थोड़ा कहना चाहूंगा, क्योंकि मैंने विधान परिषद को चलाया है, यहां सारी बातें बहुत अच्छी हैं, आपसे अच्छा तो सदन चलाने वाला मैंने देखा ही नहीं, आपकी बहुत मृदु भाषा है, एक बार सभापति जी तो गुस्सा कर जाते हैं, लेकिन आप कभी गुस्सा नहीं करते हो। आपको मैंने कई अवसरों पर देखा है कि आप सहनशील व्यक्ति हैं और उसका लाभ ईश्वर आपको देगा। हम चाहेंगे कि सभापति जी तो राष्ट्रपति के पद पर जायें और उनकी जगह आप आगे आयें, यह मेरी शुभकामनाएं हैं।

इसी के साथ-साथ यहां के जो कर्मचारी हैं, उन कर्मचारियों की मैं प्रशंसा करूंगा, उन्होंने बड़ी लगन के साथ हम लोगों की सेवा की है। हम लोग जब भी उन्हें याद करते थे तो वे फौरन आ जाते थे। उनके अन्दर जो सेवाभाव था, उसे भी मैं याद करूंगा। यहां जो हर पार्टी के अन्य नेता बैठे हुए हैं, उनमें से हर नेता अच्छा है। उनमें से एक गड़बड़ है, लेकिन मैं उनका नाम नहीं लूंगा। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि राज्य सभा ऐसी जगह है कि यहां पर आकर पूरे देश के लोगों को एक कुटुम्ब मिलता है, वह शायद जीवन में कभी मिल नहीं पाएगा। हर भाषा के लोग यहां पर हैं और हर भाषा मुझे इसलिए याद रहती है, क्योंकि मेरी पत्नी हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश से आती है, इसलिए दक्षिण भारत वाले मेरे ज्यादा दोस्त हैं। मैं चाहूंगा कि यह राज्य सभा पूरे देश के लोगों को एक बार फिर जोड़ने का काम करे और जब आप बड़े पद पर जायें तो आपके नेतृत्व में लोग अच्छा महसूस करें और हम लोग भी उससे गौरवान्वित महसूस करेंगे। हम चाहेंगे कि इसी प्रकार से हम लोगों को मान-सम्मान मिलता रहेगा। जो सब हमारे लोग बैठे हुए हैं, मैं सबसे कहना चाहूंगा कि अगर कभी भी हमारे लायक कोई सेवा हो, मैं कानपुर का हूं, मेरा नाम वहां मशहूर है, पिताजी और ताऊजी के साथ हमारा नाम भी है, आपको कभी कोई सेवा मेरे लायक हो, चाहे आप किसी भी पार्टी के हों, आइये, आपका स्वागत है, सम्मान है और आपके मान-सम्मान में कभी कोई कमी नहीं रहेगी।

इन शब्दों के साथ एक बार फिर मैं आप सब का आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। जय हिन्द!

SHRI SWAPAN DASGUPTA (Nominated): Sir, for the past six years, I have had the honour and privilege of being a Member of this House. In another country, they say, 'Parliament is the most exclusive club'. I do not say whether we can say that it is the most exclusive, but, we can certainly say that it is the most diverse, most socially-representative and perhaps the friendliest of all clubs which I have ever belonged to, and I am very grateful to that honour. Sir, this is one of the last few Sessions which will be held in this Parliament building. I think, soon, everybody will move to the new one. Sir, in this context, may be, I would like on the strength of my experience of the past six years to make one suggestion to whoever is listening. Sir, the Parliamentary agenda is structured on the basis of law-making. The second half of every Parliamentary day is taken up by law-making; that was certainly the necessity of a time when India was building an edifice, a structure. Today, we have come to a situation where law-making is less important than delivery, performance and

facilitation. Therefore, in my view, when we will move, when this House and the other House move to the other Parliament building, I think, there is a case, and I am saying this on a very personal level, for actually looking at whether law-making should become the central focus of the Parliamentary agenda or move to something else. Sir, that is all that I wanted to say. Sir, I thank you very much for the privilege of having served this House for the past six years.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS (Telangana): Sir, I am glad and highly elated at the noble gesture of hon. Chairman for having given a day's time to all retiring Members to express their views. Sir, as your exalted self is well aware, it would be the dream of every politician of the country to enter the portals of this august House at least once in lifetime. I too had that dream. Hon. Chairman, Shri M. Venkaiah Naidu knows about it. I grew up with the Congress Party since my student days. My political career has been groomed by eminent Congress leaders, Dr. Chenna Reddy and Mr. Rajaram in Andhra Pradesh, Mr. Gundu Rao in Karnataka, Mr. Prabhu of Ooty in Tamil Nadu and the most important is Pranab Dada, who had been the President of the country and had his blessings throughout. To mention a few prominent names over and above these, to my ineffable fortune the personal, very affectionate and amiable blessings of Shrimati Indira Gandhi, Shri Rajiv Gandhi and Madam Sonia Gandhi have always been there from time to time in the ascendance of my career graph in the State of former undivided Andhra Pradesh. From an NSUI Youth Congress leader, later a Cabinet Minister in the Ministries of four Chief Ministers and subsequently as the Congress President of the State for two terms and it was a fruitful career. During both my terms as the PCC President in the two consecutive General Elections in 2004 and 2009, the Congress Party won the hustings back to back and formed the Government in the State of Andhra Pradesh. I am highly grateful to Madam Soniaji who, with all her trust and confidence in me, made me the PCC President of the State twice and granted me the opportunity to lead the Congress Party to power in the State, under her eminent leadership and magnificent guidance. Sir, as a PCC President, I was very much desirous of contesting a Parliament seat to clinch and opportunity to fulfill my long cherished dream of entering these august portals. Time and tide wait for none, and history will take its own course. The long cherished desire of the Telangana people has been considered in a most favourable manner by Shrimati Sonia Gandhi. She granted the separate Telangana State as her birthday gift in 2009, in principle. It took five long years, as you all know, to form the Telangana State with the bifurcation of Andhra Pradesh State. Political equations changed dramatically in the new State. Sir, however, now I am in this august House. I will be failing in my duty as a human

being if I don't admit that my old friend and colleague, Shri Kalvakuntla Chandra Sekhar Rao, the Chief Minister of Telangana State, gave me this opportunity to represent his party as a Member of Rajya Sabha from Telangana since 2016. I profusely thank him for this gracious gesture.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: I have to talk about my experience here. Sir, this is for the first time I am speaking in Rajya Sabha since I became its Member. *...(Interruptions)..* Other than Question Hour, I have not spoken. Having been in the Assembly and the Council of my State, I was really very desirous of getting in Parliament. I could have contested but I was the PCC President there, so situation did not permit. Luckily, I got a chance to get in Rajya Sabha. In fact, I was interested for Lok Sabha, but my son entered into Lok Sabha from my Constituency but from a different party. After 75 years as an independent nation, as a sovereign, socialist, secular and democratic republic, India has come a long way after the dawn of Independence. Since 1947, the country drastically, incessantly, and progressively developed into a fast developing nation and grown as a power that be among the comity of nations in the modern world. I often felt and would like to submit to this august House that as a great nation did we redeem the pledge our elders made at the stroke of that midnight when India awoke to life and freedom while the world slept, if not in full measure, at least substantially. Could we succeed in wiping every tear from every eye as the Father of the Nation envisioned? The question remains.

During the 90s, as the then Cabinet Minister in the combined State of Andhra Pradesh, I chanced to host a dinner to an American Delegation of Political Advisors to the Senators of the USA. To one of my questions as to why they chose India, when the delegation could go to different countries, they declared that they chose India as a case study of a democratic country's unified existence for so long amidst utmost diversity within its people, their religion, language, culture and customs. It is an American delegation saying about the country and I felt really glad. I felt truly proud of my great country. Yes, the unity of the nation, achieved with undeterred resolve by Shri Sardar Vallabhbhai Patel is still our strength and our face. The geographic diversity and the diversity of its cultures, languages, physical characteristics, cuisine and customs of our nation never came in between our unity. The multifaceted religious beliefs never came in between our national brotherhood and we, as a nation stand as one, and as a people we stand as one.

Since the day the core foundation was laid by our first Prime Minister, Shri Jawaharlal Nehru, till today, up to our dynamic Prime Minister, Shri Narendra Modi, the norm 'prosperity with peace' has been and is in our ethos. The non-alignment policy enunciated way back by Shri Jawaharlal Nehru...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Shri Babasaheb Ambedkar bestowed to this nation the illustrious Constitution, and the four pillars of democracy distinctly incorporated therein run this nation with elan. The advancements in the various sectors apart, the enhancement of the living standards apart, the improvement in the lifestyle apart, the people still live with a perennial want, insatiable expectation of something well beyond.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. We have 33 Members to speak.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Sir, it is my maiden speech.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is no scope for the maiden speech now. You know the rules. If you continue, others will be deprived of their chance.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: As your kind self is also aware, the people are no longer satisfied to receive the 'fish' doled out to them, by various State Governments and through certain Central Schemes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Srinivasji, others will be deprived of their chance. Please conclude.

**श्री धर्मपुरी श्रीनिवास** : इसके बाद हमको बोलने का मौका नहीं मिलेगा; this is the first and the last speech of mine. ...*(Interruptions)*... To make a beginning, forgive me for saying this: The leaders who occupy the statutory posts in the States and at the national-level should dissociate themselves from the political party they belong to, as long as they hold that post. Soon after an election and selection of the leadership, the nation should be run with the motto 'One-People-One-Nation', irrespective of their party affiliations.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Sir, I have prepared my important points. Please allow.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There are others too.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Sir, then, all the people shall be treated as one, without bias and without discrimination. Inculcation of the national pride is the need of the hour.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will be calling the other names. Please conclude.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Sir, every one of the people in this nation should truly feel proud of being an Indian. And everyone should be able to adore the leader of the nation as their role model. Since some time in the recent past...*(Interruptions)*...

Before I conclude, let me pay my sincere-most respects to the leaders who influenced, and impacted my life and led me through my life and career since my school days.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am calling Shri Mukhtar Abbas Naqvi now.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Shri Lal Bahadur Shastri's 'Jai Jawan Jai Kisan' slogan is eternally relevant. Please allow me to speak one sentence more.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am allowing your one sentence.

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Sir, you are not allowing me to say something which is required to be known to the Members. For six long years, I have never spoken for six minutes even.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Srinivasji, there are 33 more speakers to speak. आदरणीय श्रीनिवास जी, मेरे पास 33 स्पीकर्स की लिस्ट है, हमारे पास समय नहीं है। प्लीज़ कन्क्लूड।

SHRI DHARMAPURI SRINIVAS: Dr. Manmohan Singh led the Government for two clear terms heading a coalition Government with the political stewardship of Shrimati Sonia Gandhi as UPA Chairperson. Programmes and policies envisioned by the UPA Chairperson, Shrimati Sonia Gandhi like the Right to Information Act, the Right to

Education Act, the National Employment Guarantee Act, Unique identification Authority of India, Rural Health Mission and many such progressive measures have been enacted under his leadership.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Srinivasji. Now, Shri Mukhtar Abbas Naqvi.

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी)** : आदरणीय उपसभापति महोदय, आज कई काबिल और बेशकीमती साथियों का रिटायरमेंट हो रहा है। एक तरह से जो उनकी राजनीतिक गतिविधियां हैं, यह उसका इंटरवल है या मध्यांतर है। कई लोग इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए वापस आएंगे और कई लोग सामाजिक और सियासी जिम्मेदारियों पर काम करेंगे। जैसा कि खुद माननीय प्रधान मंत्री जी ने सुबह अपने उद्बोधन में कहा कि जो यहां हमारे साथी रहे हैं, उनका बहुत बड़ा योगदान संसदीय इतिहास में है, सामाजिक क्षेत्रों में है और उनकी जो काबिलियत है, जो अनुभव है, उसकी यह सदन भी कद्र करता है और निश्चित तौर से उनकी इस काबिलियत और उनके अनुभव ने देश को बहुत कुछ दिया है।

महोदय, माननीय नेता विरोधी दल ने भी अपनी बात रखी और प्रो. राम गोपाल यादव से लेकर सभी वरिष्ठ माननीय सदस्यों ने बहुत अच्छी बातें रखीं। मुझे अपेक्षा थी कि नेता विरोधी दल बहुत वरिष्ठ हैं, लोक सभा और अब राज्य सभा में भी उनका बहुत अनुभव है। प्रधान मंत्री जी ने एक डेमोक्रेटिक तरीके से, बहुत डिग्निफाइड और डीसेंट तरीके से जो माननीय सदस्य आज यहां से रिटायर हो रहे हैं, उनके योगदान को याद किया और उन्हें सम्मान दिया और साथ ही साथ आने वाले दिनों में सभी साथियों के लिए सामाजिक और सियासी क्षेत्रों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मुझे उस समय अच्छा नहीं लगा था, जिस समय नेता विरोधी दल ने सरकास्टिक तरीके से कहा कि प्रधान मंत्री जी हमारे बीच में आ गये हैं। ...(**व्यवधान**)... यह अर्थ का अनर्थ नहीं है, बल्कि उसका अर्थ ही है और जो मैं कह रहा हूं, वही नेता विरोधी दल भी समझ रहे हैं। उन्होंने अटल जी को भी याद किया। अटल जी जब विपक्ष में थे, तो उनको कितना दर्द था और सरकार में थे, तब भी उनको दर्द था। अगर उसको उदाहरण के तौर पर नेता विरोधी दल को बताना पड़ा, तो भी अटल जी का ही नाम आया। जब सरकार में थे, तो हमेशा उनका एक भाषण याद रहता था कि इस तरह की सरकार ऊपर वाला सबको दे, लेकिन ऐसा विपक्ष किसी को न दे, क्योंकि आपकी पार्टी ने उनको उस समय बहुत परेशान किया था, क्योंकि नेता विरोधी दल ने इस तरह की बात कही थी। जहां तक डेमोक्रेसी की बात है, खुद कांग्रेस पार्टी के लोग अकसर कहते हैं कि प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना सबसे आसान है। विपक्ष के मुख्य मंत्री बाहर कोसते हुए जाते हैं, तो भी वे प्रधान मंत्री जी से मिलकर आते हैं और अपने प्रदेश और अपने क्षेत्र की बात करके आते हैं। यदि किसी को बीमारी हो और किसी संसद सदस्य के बारे में उनको जानकारी मिलती है, संवेदनशीलता और मानवीय आधार पर वह हर तरह से बिना बताये हुए उसका हाल पूछते हैं। मेरी खुद जानकारी में है, खुद कई विपक्ष के साथी कहते हैं कि एक समय वह था कि मुख्य मंत्री तक प्रधान मंत्री जी से मिल नहीं पाते थे और आज जब संसद चलती है तो वह सुबह से लेकर शाम तक रहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि democratically चुने हुए देश के एक लोकप्रिय नेता के बारे में, एक ऐसे वरिष्ठ नेता के द्वारा यह बात कहना ठीक नहीं है।

सर, दूसरी चीज़ यह है कि आज हम सरकार में हैं। आप दशकों तक सरकार में रहे हैं और विपक्ष में भी आपको दशकों तक रहना होगा या आप रहेंगे। ...(**व्यवधान**)... आज हम यहाँ पर कोई दुश्मन नहीं हैं। हमारा जो आकलन है, वह हमारे कामकाज का आकलन है। यह कोई दुश्मनी नहीं है।

*"दुश्मनी जम कर करो, लेकिन यह गुंजाइश रहे,*
*जब कभी हम दोस्त बन जायें तो हम शर्मिंदा न हों।"*

तो यह ठीक है। हम यहाँ पर वैचारिक रूप से, सैद्धांतिक रूप से एक-दूसरे के खिलाफ़ हो सकते हैं। हमारे जो भी माननीय सदस्य साथी रिटायर हो रहे हैं, मैं उनको शुभकामनाएँ देता हूँ। हम लोगों का बहुत दिनों तक साथ रहा है। मैं लोक सभा में रहा हूँ, राज्य सभा में भी रहा हूँ। चाहे लोक सभा के वर्तमान साथी हों या राज्य सभा के भी साथी हों, सबसे एक दोस्ताना, एक बहुत ही शालीनता के साथ और बहुत ही सौम्यता के साथ, बहुत ही गहरे रिश्ते होते हैं और वे रिश्ते सबके रहेंगे। बहुत-बहुत शुभकामनाएँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री उपसभापति** : माननीय जयप्रकाश निषाद जी।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे** : सर, एक मिनट।

**श्री उपसभापति** : माननीय जयप्रकाश निषाद जी। ...(**व्यवधान**)... माननीय LoP, हमारी प्रॉब्लम समझिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे** : सर, केवल एक मिनट।

**श्री उपसभापति** : जी, बोलिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे** : सर, record straight रहना चाहिए। मैंने कभी नहीं बोला कि प्राइम मिनिस्टर बीच में आये। मैंने यह नहीं बोला। यह हमारा सौभाग्य है कि प्राइम मिनिस्टर यहाँ आये हैं, यहाँ बैठे हैं, मैंने यह कहा है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... LoP साहब, धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे** : सर, हम वाजपेयी साहब की बहुत इज्जत करते थे! ...(**व्यवधान**)... मैं जब मिनिस्टर था ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : LoP साहब, धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... माननीय जयप्रकाश निषाद जी। ...(**व्यवधान**)... माननीय जयप्रकाश निषाद जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... माननीय जयप्रकाश निषाद जी, प्लीज़ आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयप्रकाश निषाद** (उत्तर प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : निषाद जी, आप बोलिए। आपकी ही बात रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।

माननीय निषाद जी, मैं आपसे बोलने के लिए आग्रह करूँ, इसके पहले मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहूँगा कि अभी 26 स्पीकर्स और बोलने वाले हैं। माननीय चेयरमैन साहब ने शुरू में ही सबसे आग्रह किया था कि दो से तीन मिनट के बीच अपनी बात खत्म करें, क्योंकि साढ़े तीन बजे Leader of the House बोलेंगे, उसके बाद एक कार्यक्रम है, जिसमें आपको साढ़े पाँच, पौने छः बजे तक माननीय चेयरमैन साहब के यहाँ पहुँचना है, जो कि मुख्य विदाई समारोह है, इसलिए time constraint है। मैं आपसे अनुरोध करूँगा कि 2 मिनट से अधिक कृपया नहीं बोलें। माननीय निषाद जी, बोलिए।

**श्री जयप्रकाश निषाद**: माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे इस विदाई समारोह के अवसर पर बोलने का जो मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे तो बहुत अल्प समय, बहुत सूक्ष्म समय इस सदन में मिला है। उतने समय में मुझे जो सीखने का अवसर मिला, वह मैं आप ही से बताना शुरू करता हूँ।

महोदय, हम लोगों ने देखा कि इस सदन के अन्दर किस प्रकार से आपके सामने माइक्स तोड़ दिये गये। मैंने बहुत सारी चीज़ें अपनी नज़रों से देखीं। आपकी patience ने, धैर्य ने हम लोगों के अन्दर वह ज्ञान पैदा किया, जो हम लोगों के लिए भविष्य में बहुत उपयोगी होगा। इससे हम लोगों ने बहुत बड़ी सीख ली है।

मुझे जब पहली बार अल्प समय के लिए राज्य सभा में आने का मौका मिला, उस दिन उत्तर प्रदेश के दूसरी बार के यशस्वी मुख्य मंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी ने मुझे कॉल करके बुलाया और कहा कि जयप्रकाश जी, हमारी पार्टी, हमारा शीर्ष नेतृत्व आपको उच्च सदन के लिए भेज रहा है और आपको सारे पेपर्स तैयार करने हैं, आपको वहाँ जाना है, तब मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैं इतने बड़े सदन में आ गया।

दूसरी खुशी मुझे तब मिली, जब मैं पहली बार अपने इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी से मिलने गया। उन्होंने मुझे अपने बच्चे की तरह बिठा कर जो सिखाया, वह मुझे पूरी जिन्दगी याद रहेगा।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि जिस दिन मेरा जन्म दिन था, उस दिन इस सभा के माननीय सभापति महोदय ने मुझे फोन करके जब बधाई दी, तो मेरे अन्दर इतना उत्साह और इतना उमंग भर आया कि उसके चलते मैं उनसे कोई बात नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश जी, क्या आपको अच्छा नहीं लगा? लेकिन मैं इस बात से बहुत उत्साहित हुआ कि मेरे इस सदन के सभापति महोदय मुझे बधाई दे रहे हैं।

महोदय, मैंने यहाँ बहुत सारा ज्ञान अर्जित किया। आपसे समय लेने के लिए भी, प्रो. मनोज झा जी को कितना अल्प समय मिलता है, लेकिन वे बार-बार आपसे कम समय में भी ज्यादा समय ले लेते हैं। उनसे हमें सीख मिली कि कैसे ज्यादा समय लिया जा सकता है। वह 'जय हिन्द' बोलते समय भी आपसे दो-मिनट ले लेते हैं। मेरे बगल में डा. सुमेर सिंह सोलंकी जी भी मेरा बहुत

सहयोग करते हैं। हमारी मित्रता तब से है, जब से मैं आया और वे भी उसी समय आए। इनकी आदिवासी वेशभूषा ने मुझे आकर्षित किया।

**श्री उपसभापति :** प्लीज़, खत्म करें।

**श्री जयप्रकाश निषाद :** उपसभापति महोदय, यहां के मार्शल्स, सभी साथी और इस राज्य सभा के जितने भी कर्मचारी हैं, सभी ने बहुत कम समय में हम लोगों को भली-भाँति पहचान लिया और वे लगातार हम सभी का सहयोग करते हैं। मैं उन सबको धन्यवाद देता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री उपसभापति :** जैसा माननीय चेयरमैन ने कहा था, मैं पुनः आग्रह करूंगा कि माननीय सदस्य, कृपया दो मिनट ही बोलें, otherwise बाकी retiring Members को मौका नहीं मिलेगा।

**श्री महेश पोद्दार** (झारखंड) **:** माननीय उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद। महोदय, मुझे गर्व है कि मैं यहां हूं और मुझे इससे भी ज्यादा गर्व है कि आप वहां हैं। महोदय, आज मैं यह छूट ले रहा हूं, क्योंकि आज विशेष दिन है और मुझे मित्रों को बताने में कोई संकोच नहीं है कि हम दोनों एक-दूसरे को लगभग 40 साल से जानते हैं। महोदय, मुझे विश्वास है कि आपको भी इस बात का गर्व होगा कि मैं यहां पर हूं।

महोदय, संसद का आगामी शीतकालीन सत्र संसद के नये भवन में नई तकनीक के साथ होगा। मैं उसे इस दृष्टिकोण से देखता हूं कि वह केवल भवन ही नहीं होगा, बल्कि इस देश के संकल्प और कर्मठता का प्रतीक होगा। हममें से कुछ लोग वहां नहीं होंगे, यह एक अफ़सोस है, किन्तु मैं इतना ही कहूंगा कि कितने पास-कितनी दूर, हमें इस चीज़ की कमी जरूर रहेगी। महोदय, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मेरी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझे राज्य के प्रतिनिधि के तौर पर इस सदन में भेजा। मैं कह सकता हूं कि मैं इस देश की संसद के एक बहुत ऐतिहासिक कालखंड का साक्षी रहा हूं। मैं जीएसटी कानून का गवाह था, पाकिस्तान से विंग कमांडर अभिनंदन की रिहाई में सारे सांसदों के खड़े होने का गवाह था, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का गवाह था और वैश्विक महामारी के बावजूद इस संसद के कामकाज का गवाह था। महोदय, यह लिस्ट बहुत लंबी है। मैं इस याद के साथ जा रहा हूं कि जब मेरे साथी मुझे कॉमरेड बोलते हैं और मैं उन्हें स्वयंसेवक बोलता हूं, तो हम दोनों हँसते हैं, गले लगते हैं और उस समय दूर-दूर तक घृणा, hate का विचार भी मन में नहीं आता।

**श्री उपसभापति :** प्लीज़ कन्क्लूड।

**श्री महेश पोद्दार :** माननीय उपसभापति महोदय, आप मुझ पर विशेष कृपा नहीं कर रहे हैं और मैं आपसे ज्यादा अधिकार भी नहीं चाहता हूं, इसलिए मैं अपनी बात जल्द समाप्त करूंगा। महोदय, हम भले ही 2030 के लिए अपनी दृष्टि का निर्माण कर रहे हैं, लेकिन मैं इस आशा के साथ जा रहा हूं कि हमारे देश का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम बहुत सशक्त होंगे, आर्थिक प्रगति होगी, सामाजिक विकास होगा, सांस्कृतिक पूंजी के आस-पास केन्द्रित होंगे किन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2024 में एक संक्षिप्त विराम होगा और उसके बाद हम और बहुत तेजी से आगे बढ़ेंगे।

महोदय, हमारे पास जो विज़न है, उसे जाने न दें। मैं फिर से अपनी बात दोहराते हुए इस सदन में इतना ही कहूंगा "बाबूमोशाय जिन्दगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं।" धन्यवाद।

**श्री रामकुमार वर्मा** (राजस्थान) **:** माननीय उपसभापति जी, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। उपसभापति जी, मैं व्यक्तिगत रूप से भी आपकी बहुत इज्जत करता हूं क्योंकि मुझे ज्ञात है कि आपकी पृष्ठभूमि क्या है, आप कितने अच्छे आदमी हैं और किस तरह से यहां तक पहुंचे हैं। महोदय, आपका धन्यवाद। महोदय, मैं जब 31 अगस्त, 2015 को Reserve Bank of India से एक officer के रूप में रिटायर हुआ, तो उस दिन तीन जगहों पर कार्यक्रम हुए। वहां मैंने constitution की उस भावना को देखा कि Reserve Bank of India में हर राज्य के आदमी हैं। वहां मुझे सभी राज्यों के, सभी वर्ग के लोगों ने, जिसमें trade unions, welfare unions भी थे, ने सम्मानित कर farewell दिया और अपना स्नेह प्रकट किया। महोदय, मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि भारत की इस संसद के उच्च सदन में हूं। महोदय, यह लोगों के लिए एक कल्पना है, क्योंकि उच्च सदन की बहुत गरिमा है। महोदय, अनेकता में एकता को समेटे हुए, बहुत अनुभवी, गंभीर और बहुत ही विद्वान साथियों के बीच मुझे छह वर्ष पूरे करने का अवसर मिला और आज मैं विदाई की बेला में हूं।

सर, मैं दो मिनट का ही समय लूँगा। मैं बहुत ज्यादा नहीं बोलूँगा, दो मिनट में अपनी बात खत्म करूँगा। मैं सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना आभार प्रकट करना चाहता हूँ, जिसने मुझे यहाँ पर भेजा। विशेष रूप से प्रधान मंत्री जी और उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह जी और राजस्थान की पूर्व मुख्य मंत्री, श्रीमती वसुंधरा राजे जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूँ। मैं दो मिनट से ज्यादा का समय नहीं लूँगा।

**श्री उपसभापति :** वर्मा जी, आपके दो मिनट पूरे हो चुके हैं।

**श्री रामकुमार वर्मा :** महोदय, मैंने यह कहा कि मैं प्रधान मंत्री जी और उस समय के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह और वसुंधरा राजे जी का बहुत आभार प्रकट करता हूँ, क्योंकि उन्होंने एक सामान्य पृष्ठभूमि के व्यक्ति को इस सदन का सदस्य बनाने का काम किया। मैं अपनी पृष्ठभूमि के बारे में बताना चाहता हूँ। वह व्यक्ति, जो एक छोटे-से गाँव में रहता है, जिसके माँ-बाप गरीबी के कारण मजदूरी करने के लिए दिल्ली आ जाते हैं। डेढ़ साल का बच्चा अपने दादा-दादी के पास रह कर पढ़ता-लिखता है। एक गुरु जी उनसे कहते हैं कि इस बच्चे को पढ़ने दीजिएगा। मैं यह कह रहा हूँ कि मैं उस पृष्ठभूमि से निकलते हुए रिज़र्व बैंक में काम करते हुए इस सदन तक आया हूँ। यहाँ पर जिस तरह का स्नेह मिला, जो भाव मिला, उससे मुझे बहुत प्रसन्नता होती है। यहाँ पर जिस प्रकार से विद्वान सांसदों के deliberations होते हैं, उनसे मैं बहुत लाभान्वित हुआ हूँ। मैं यही उम्मीद करता हूँ कि अगर हम सब अनेकता में एकता को बनाए रखते हुए मर्यादा के साथ चलेंगे, तो इससे देश का भी हित होगा और समाज का भी भला होगा। मैं इतना ही कह कर अपनी बात समाप्त करता हूँ, धन्यवाद।

**श्रीमती सम्पतिया उइके** (मध्य प्रदेश) **:** माननीय उपसभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपके प्रति और माननीय चेयरमैन साहब के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूँ, क्योंकि आप हम

लोगों को संरक्षण देते हैं और समय की पाबंदी रखते हैं। मैं हमारे नेता, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहती हूँ, क्योंकि उनकी कृपा से ही गाँव के एक साधारण परिवार की, खेत-खलिहान में काम करने वाली महिला को सरपंच से सीधे इस सदन का सदस्या बनाने का सौभाग्य मिला। मुझे यहाँ पर सभी संसद सदस्यों का सहयोग मिला, कमेटी के चेयरमैन, प्रो. राम गोपाल यादव जी का सहयोग मिला। उन्होंने मुझे उस कमेटी में दोबारा मेम्बर बनाया। मेरे लिए उनका मार्गदर्शन बहुत प्रेरणादायक रहा। संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री वी. मुरलीधरन जी, पार्टी के व्हिप और सभी साथियों का बहुत अच्छा सहयोग रहा। राज्य सभा सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का भी बहुत अच्छा सहयोग रहा।

माननीय उपसभापति महोदय, जब मैं पहली बार यहाँ पर आई, तो मुझे अपने बचपन की याद आ गई। जब मैं गाँव से स्कूल जाती थी, आठ किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाती थी, उस समय गाँव में विद्यालय नहीं हुआ करते थे, उस समय एक गुरुजी थे, यदि क्लास में कोई नियम का पालन नहीं करते थे, तो वे उनको बाहर कर देते थे। जब मैं यहाँ आई, तब यह देखा कि इस सदन में यदि कोई सदस्य नियम का पालन नहीं करते, तो आदरणीय सभापति जी या उपसभापति जी उनको बाहर कर देते हैं। मुझे यहाँ पर इस तरह की बहुत सारी चीज़ें सीखने को मिलीं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्रीमती छाया वर्मा** (छत्तीसगढ़) : उपसभापति महोदय, मैं संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत गठित देश के सर्वोच्च सदन, राज्य सभा के सभी विद्वान और महानुभाव लोगों को सादर प्रणाम और अभिवादन करती हूँ। मैं साधारण परिवार में पली-बढ़ी एक शिक्षक की पुत्री हूँ। मेरे दादा जी एक स्वंतत्रता संग्राम सेनानी थे और मेरे घर-परिवार में कोई भी राजनीतिक व्यक्ति नहीं था। राजीव गाँधी जी ने महिला आरक्षण दिया, तो मैं त्रिस्तरीय पंचायती राज में जिला पंचायत का चुनाव लड़ कर राजधानी रायपुर की जिला पंचायत की अध्यक्षा बनी। वहाँ से मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। उस समय वेंकैया नायडु जी, जो अभी हमारे उपराष्ट्रपति हैं, वे पंचायती राज मंत्री थे और मैं जिला पंचायत की अध्यक्षा थी। मैं राजनीति में नई थी, इसलिए मुझे ज्यादा नियम-कानून मालूम नहीं थे। मैं छत्तीसगढ़ को represent करने के लिए तालकटोरा स्टेडियम, दिल्ली आई थी। वहाँ पूरे देश का पंचायती राज सम्मेलन हो रहा था। उस सम्मेलन के बाद मुझे उपराष्ट्रपति जी ने चाय पर बुलाया, तो मैंने बोला कि मैं तो काँग्रेस पार्टी की हूँ, वे तो भाजपा के हैं, मैं उनके घर क्यों जाऊँगी। उस समय मुझे समझ नहीं थी और मैं नहीं गई, लेकिन आज मैं उनके साथ घूमी, उनके साथ खाना खाया, यह बात अलग है।

महोदय, मुझे इस सदन में बहुत सारे अनुभव देखने-सुनने को मिले। जब मैं यहाँ के सारे अनुभव लेकर इस छः साल के कार्यकल को पूरा करके बाहर जाऊँगी, तब यह अनुभव मेरी बाहरी ज़िंदगी में बहुत काम आएगा। उस समय हमारे सीएलपी लीडर T. S. Singh Deo ji थे, जो अभी मंत्री हैं। उनका एक दिन मई के महीने की दोपहर में अचानक फोन आया कि छाया जी, आपको अभी सोनिया जी का फोन आएगा, आप फोन हाथ में रखिएगा। मुझे लगा कि ये मेरे साथ मज़ाक तो नहीं कर रहे हैं, क्योंकि मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इस सदन की सदस्य बनूँगी, लेकिन थोड़ी देर में ही मेरे पास सोनिया जी का फोन आया और वे बोलीं कि हम आपको राज्य

सभा का सदस्य बना रहे हैं। मुझे कुछ समझ नहीं आया कि मैं वहाँ क्या करूँगी, कैसे करूँगी, यह देश का इतना बड़ा सदन है, यहाँ बहुत सारे सदस्य बनकर आते हैं, विभिन्न राज्यों से लोग आते हैं। जब मैं यहाँ चुनकर आई, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि मुझे अपने राज्य सभा के लीडर से मिलना है। मैं गुलाम नबी आज़ाद साहब से मिलने भी नहीं गई। मैं सोनिया जी से मिली और फिर, यहाँ आई और देखा कि सब नए चेहरे हैं। मैं खुद गाँव से आई थी, दिल्ली भी एक-दो बार ही आई थी। उस समय मुझे बहुत भय लगा।

**श्री उपसभापति** : छाया जी, प्लीज़...

**श्रीमती छाया वर्मा** : उस समय हरिप्रसाद जी मेरे परिचित थे, वे हमारे बीच में भी बैठते थे। मैंने शुरुआत में उनसे बहुत कुछ सीखा कि कैसे बोलना है, कितने मिनट बोलना है, क्या-क्या रूल हैं। यह अनुभव मुझे जीवनपर्यंत याद रहेगा।

दूसरा अनुभव-मुझसे माननीय सभापति वेंकैया नायडु जी ने एक दिन शाम को फोन करके बोला कि हम विदेश यात्रा पर जाएंगे, क्या आप हमारे साथ चलेंगी? सर, मैं एक मिनट लूँगी। मैं वहाँ चलने के लिए एकदम तैयार हो गई और मैंने 15 दिनों तक पाँच देशों की विदेश यात्रा की। वह मेरी पहली विदेश यात्रा थी। सर, मैं गाँव से संबंध रखती हूँ। उस समय हमसे कहा गया कि आप अपने अनुभव को लिखिए। मैंने अपनी विदेश यात्रा के अनुभव को लेकर एक किताब लिखी, जिसमें मैंने अपने अनुभव लिखे हैं। जब मैं यहाँ से जाऊँगी, यहाँ के जो अनुभव रहे हैं, उन्हें भी लिखूँगी। इस छः साल के कार्यकाल में बहुत सारे उतार-चढ़ाव रहे, बहुत सारे मीठे और खट्टे अनुभव रहे। मुझे बहुत लोगों से सीखने को मिला। मैंने जयराम रमेश जी से सीखा कि यहाँ पर शुरू से लेकर आखिरी तक, house adjourn होने तक कैसे बैठना है। इसके साथ ही, आनन्द शर्मा जी हैं, प्रसन्न आचार्य जी हैं। मैं मनोज कुमार झा जी की स्पीच को यहाँ सुनने के बाद उसे घर जाकर यूट्यूब में भी देखती हूँ कि ये कैसे बोलते हैं, कैसा स्टाइल है। मैं विनय सहस्त्रबुद्धे जी से भी सीखती हूँ।

**श्री उपसभापति** : छाया जी, प्लीज़।

**श्रीमती छाया वर्मा** : सर, मुझे कुछ और भी कहने दीजिए। यहाँ का स्टाफ हमारे लिए एक पैर पर खड़ा रहता है।

**श्री उपसभापति** : छाया जी, बहुत सारे सदस्य छूट जाएंगे।

**श्रीमती छाया वर्मा** : यहाँ से जाने के बाद क्या होगा, इसे लेकर मैं एक अंतिम पंक्ति कहना चाहती हूँ :-

*"कहाँ खुशियों की ये सौगात होगी,*
*नए लोग होंगे नई बात होगी,*
*मुसाफिर हैं हम भी मुसाफिर हो तुम भी,*
*किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी।"*

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Mr. Deputy Chairman, Sir, thank you for this opportunity. The time is short. 4th July, 2019, I took oath in this august House. Three years passed by in a flash, and I am thankful to my leader and my hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaikji, who gave voice to me, sent me to this Upper House at the age of 40. From a Professor to a Politician, if I graduated, it is the blessings of my hon. Leader, Shri Naveen Patnaikji, and I thank him at this very moment for having given me this opportunity.

I came here, Sir. In front of me was the hon. Chairman. I remember my first Zero Hour submission. It was on Women's Reservation Bill, and at the end, he just said three words, 'Good. Best submission.' Those three words gave me the spirit to keep fighting for three years, and I am thankful to him and his leadership and for all the blessings that he showered on me.

Sir, one day, about one year back, I got a call at night that 'you are being empanelled on the panel of Vice-Chairmen.' I said, 'I am hearing it wrong.' Sir, when the Notification came, I called him at night. I said, 'Sir, you are probably wrong. It is just 13 months of my term. People spend two years or three years or two terms or three terms.' He just said, 'Sasmit, I believe in you; you can do it. Just go ahead and do it.' I don't know whether I did it right, wrong, whatever. My friend, Derek might agree or disagree with me. But one thing I tried was to be true to my spirit.

3.00 P.M.

Sir, when I worked, I worked under your leadership, in the Chair and in the House. Whenever I went to you, Sir, the kind of affection that I got was such that it wasn't the Deputy Chairman to me, it was like an elder brother who taught me how to go about my work, whether it was in the Chair or out of the Chair. Sir, I thank you so much for that and for all the love and affection that you have given me as an elder brother.

Sir, I would like to thank someone who is very close to my heart, Shri Prasanna Acharya, the Leader of my Party in the House. Three years back, when I came, I did not know about the nuances. Today, hon. Chairman was talking about the nuances of parliamentary party. He was like an elder brother, a father figure. He was a person who guided me through these corridors of power and explained to me that the corridors of power should enable me to work for the people; it should not get into the head. I thank Shri Prasanna Acharya for that. Hon. Member, Shri Bhaskar Rao is not

here today in the House; he is also retiring. I thank him for his leadership and for his commitment.

Sir, I know, time is short and I know you are under pressure. I realize the pressure and that is why I am trying to rush.

Sir, I thank all the Party colleagues from BJD. When I walked in here on the 4th of July, 2019, I walked into a galaxy of people sitting over here. I was shaking. I asked myself, 'Can I survive these three years?' There were Shri Derek O'Brien, Shrimati Nirmala Sitharaman and hon. Minister, Shri Ashwini Vaishnaw. We came together from Odisha. There were Shri Anand Sharma and Shri Jairam Ramesh. I thought, 'What am I going to speak? How am I going to speak?' But these three years have been a great learning experience and I thank my hon. Leader, Shri Naveen Patnaik for that.

Sir, I would just conclude with one point, the people of Odisha. When I came here, my spirit always said that I must speak for Odisha. Many a time my colleagues said, यार, राष्ट्र के बारे में कुछ बोलो, बहुत 'ओडिशा-ओडिशा' करते रहते हो। मुझे लगता था कि जब इस सदन में उत्तर प्रदेश की बात होती है, पंजाब की बात होती है, महाराष्ट्र की बात होती है, पश्चिमी बंगाल की बात होती है, तो यहाँ ओडिशा का भी शब्द और नाम गूंजना चाहिए। मैंने तीन साल में 'ओडिशा-ओडिशा-ओडिशा' की कोशिश जारी रखी, मुझे पता नहीं कि मैं उसमें सफल हो पाया या नहीं।

अंत में, मैं बस धन्यवाद देना चाहूँगा। Sir, I would take just a minute more. Indulge me today only for a minute. Next week, I am gone!

Sir, I would like to thank the Secretary-General and all the senior officers of Rajya Sabha, the Marshals, the Reception Office, Notice Office, Table Office, Stenographers' Pool, Bill Office, Lobby Office, Legislative Branch, Reporters' Branch, Interpretation Service, MA Section, MSA Section, Department-related Committees, Editorial & Translation Service, Library Service, Parliament Security Service, Delhi Police, Traffic Police, Parliamentary Duty group, Medical Centres of PH and PHA, CPWD, MPs special ferry service who give us the service and all the offices and departments for making these three years the most memorable years of my life. Thank you so much. *Jai Hind!*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Shrimati Jharna Das Baidya.

**श्रीमती झरना दास बैद्य** (त्रिपुरा) : सर, मैं 12 साल से इस सदन की सदस्य हूँ। मैं जब यहाँ वर्ष 2010 में आई थी, तब आज जो लोग इस तरफ बैठे हैं, वे उस तरफ बैठते थे और जो लोग आज वहाँ बैठे हैं, वे तब यहाँ बैठते थे। मुझे आज अरुण जेटली जी और सुषमा स्वराज जी की बहुत याद आ रही है, क्योंकि वे लोग तब अपोज़िशन में थे और हम लोग भी अपोज़िशन में थे। मैंने देखा कि

तब लड़ाई होती थी। मैं जब यहाँ पहले दिन आई, तब आईपीएल पर बात हो रही थी। आईपीएल के बाद कॉमनवेल्थ, स्पेक्ट्रम जैसे 10 और विषयों पर भी चर्चा हुई और तब हम लोग भी बोलते थे। उस समय अपोज़िशन एवं रूलिंग पार्टी सुनना भी चाहती थी और हमारा बोलना भी होता था, लेकिन आज हम देखते हैं कि patience कम हो रही है। मुझे इस बात का दुःख है कि आज patience कम हो रही है और सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है।

सर, मैं सबसे पहले अपनी पार्टी को धन्यवाद देना चाहती हूँ, क्योंकि त्रिपुरा में राज्य सभा की एक ही सीट है और उस सीट से हमारी पार्टी ने दो बार मुझे ही चुनकर यहाँ भेजा। उन लोगों ने 100 परसेंट रिज़र्वेशन माना, इसलिए मैं अपनी सीपीआईएम पार्टी को congratulation करती हूं। इसके बाद मैं बोलूंगी कि वर्ष 2010 में राज्य सभा में महिला रिज़र्वेशन बिल पास हुआ था, लेकिन लोक सभा में अभी तक न कॉँग्रेस पार्टी ने उसे पास कराना ज़रूरी समझा, न आज बीजेपी ने ज़रूरी समझा, किसी ने उस बिल को पास नहीं किया। महोदय, मैं एक मिनट का समय लूंगी, 12 साल का अनुभव दो मिनट में व्यक्त नहीं होता है।

**श्री उपसभापति** : आज मजबूरी है।

**श्रीमती झरना दास बैद्य** : हमें बोलने के लिए थोड़ा समय तो मिलना ही चाहिए। सबको समय दिया गया, हम लोग जो लास्ट में बोल रहे हैं, हमारे लिए समय नहीं है। पहले से समय बचाकर बीच में बोलने वाले और लास्ट में बोलने वाले लोगों के लिए भी कुछ समय रखना चाहिए, यह मेरा अनुरोध है। मैं यह बोलना चाहती हूं कि सभी पोलिटिकल पार्टीज़ election के समय पहले नम्बर पर महिला रिज़र्वेशन बिल पास कराने की बात रखती हैं, लेकिन पावर में आने के बाद वे इसे भूल जाती हैं। सर, मैं आपको और माननीय चेयरमैन सर को धन्यवाद देती हूं, मैंने यहां 12 साल में आप लोगों से बहुत कुछ सीखा है। मैं असेम्बली में नहीं गई। मैं स्टेट में Social Welfare Board की chairperson थी, सेंट्रल की executive member थी और सेंट्रल बोर्ड की चेयरपर्सन रजनी पाटिल थीं। मैं उन्हें वर्ष 2004 से जानती हूं। सर, यहां का जितना भी स्टाफ है, जो सिक्योरिटी स्टाफ है, मैं उन सभी को धन्यवाद दूंगी। मुझे उनसे जो प्यार मिला है, मैं उसे कभी नहीं भूलूंगी, मैं हमेशा याद रखूंगी। सर, 12 साल में मेरी कोई गाड़ी नहीं थी, जब भी मैं पार्लियामेंट में फोन करती थी - वे भी जानते हैं कि एक ही parliamentarian है, जो कभी हमारी गाड़ी के बिना नहीं आती हैं, मैं उनको भी याद रखूंगी। सर, सबसे बड़ी बात यह है कि मैं यहां से तो रिटायरमेंट ले रही हूं, लेकिन मेरी जो असली जॉब है, उसमें मैं और ज्यादा काम करूंगी, गरीब लोगों के लिए और आम जनता के लिए काम करती रहूंगी। जैसे अरुण जेटली जी का रिटायरमेंट हुआ, वैसे ही हमारा भी रिटायरमेंट होगा, उससे पहले रिटायरमेंट नहीं होगा।

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद, आपको बहुत शुभकामनाएं। माननीय सतीश चंद्र दुबे जी।

**श्री सतीश चंद्र दुबे** (बिहार) **:** उपसभापति महोदय, मैं बिहार प्रांत के चम्पारण जिले से आता हूं, वह गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन की धरती रही है। मैं एक सर्वसाधारण परिवार से आता हूं। मेरी पृष्ठभूमि political नहीं थी। मुझे भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष पद से काम करने का सौभाग्य

प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी, उस समय के तात्कालिक अध्यक्ष माननीय अमित शाह जी और माननीय नरेन्द्र मोदी जी की regime में वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2014 तक विधान सभा में, 2014 से लेकर वर्ष 2019 तक लोक सभा में और अक्टूबर, 2019 से लेकर अभी तक राज्य सभा में मुझे आने का और ज्ञानरूपी गंगा में ज्ञान प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। उसमें भारतीय जनता पार्टी का बहुत बड़ा योगदान रहा। मैं तो यही जानता हूं कि कार्यकर्ता कभी थकता नहीं है, कार्यकर्ता का कभी रिटायरमेंट नहीं होता है, चाहे वह सामाजिक कार्यकर्ता हो या पार्टी कार्यकर्ता हो। मैं यहां से पूर्ण विश्वास के साथ जा रहा हूं कि पार्टी मुझे जो ज़िम्मेदारी देगी, समाज का जो भी अच्छा काम हो सकता है, उसमें मेरा सम्पूर्ण जीवन समर्पित रहेगा। इन्हीं शब्दों के साथ आप सब लोगों को बहुत-बहुत बधाई, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सैयद जफर इस्लाम** (उत्तर प्रदेश) : सर, आज इस ऐतिहासिक अवसर पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, जिसके लिए मैं आपका आभारी हूं। सर, मैं करीब एक या सवा साल पहले इस सदन का सदस्य बना था, I feel as if ended in a flash. लेकिन जितना भी कम समय हो, It was magical; it was memorable and it was historical for me. And, for these moments, that I have spent for one-and-a-half years here, I am extremely grateful to my party leaders. Particularly, I am talking about the hon. Prime Minister, the hon. Home Minister and the Party President for having given me this opportunity and making me a Member of this House. सर, यह बात बहुत सारे मेम्बर्स को मालूम नहीं होगी और शायद ऐसा experience किसी के पास नहीं होगा, जो मैंने experience किया। जब उनका नाम आता है, तो सभी लोग यहां nomination file करते हैं। जब मुझे फोन आया, तब मैं hospitalised था और बहुत serious condition में AIIMS में भर्ती था। मैं शायद यहां पहला मेम्बर होऊंगा, जिसको कभी nomination file करने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ, लेकिन मैं आज इस सदन में उस बात को दोहराना चाहता हूं कि मेरा नॉमिनेशन पार्टी ने किया और हमारी पार्टी परिवार के बारे में कहती है, तो वाकई मैंने परिवार की भाषा को महसूस किया। जब मैं hospitalised था, तब पार्टी एक चट्टान की तरह मेरे परिवार के साथ खड़ी रही और हर संभव सहायता जो वह कर सकती थी, उसने की। जब मैं ठीक होकर हॉस्पिटल से बाहर आया, तो मुझे इस सदन में सर्व करने का मौका मिला। सर, मैं कहना चाहता हूं कि सरकारें तो होती हैं। दुनिया की हर कंट्री में सरकार है। कोई democratic सरकार होती है, कोई dictatorship सरकार होती है, लेकिन हर सरकार अपने-अपने हिसाब से चलती है। मैं यह कह सकता हूं कि इस डेढ़ साल में हमें जो अनुभव हुआ है कि democratic process, हिन्दुस्तान में vibrant democracy है, उसके लिए हम रूलिंग पार्टी को, अपोज़िशन को जितनी भी बधाई दें कि हम जिस तरह से डिबेट करते हैं, जिस तरह से डिस्कशन करते हैं, बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा करते हैं, उससे एक न्यू मेम्बर को बहुत सारी चीज़ें सीखने का मौका मिलता है। कई बार ऐसे डिस्कशन होते हैं, जो बहुत difficult होते हैं, लेकिन हमने पिछले डेढ़ साल में यह देखा है कि सभी मामलों पर हमने डिस्कशन किया और अच्छे से बिलों को पास किया।

उपसभापति महोदय, मैं यहां डेढ़ साल रहा हूं, लेकिन डेढ़ साल का experience मेरे लिए useful होगा। अगर फिर से मौका मिला, तो मैं जरूर यहां आऊंगा, नहीं मौका मिला, तो मैं

अपनी ज़िदंगी में इस experience को पूरे तौर से इस्तेमाल करूंगा। यह डेमोक्रेसी का सबसे पवित्र पटल है। मैं कहना चाहता हूं कि चाहे वह रूलिंग पार्टी हो, चाहे अपोज़िशन पार्टी हो, मैंने जिनसे भी सीखा है, उन्हें हाथ जोड़कर धन्यवाद कहना चाहता हूं और अगर मुझसे कोई गलती हुई है, तो मैं उनसे क्षमा भी मांगता हूं, धन्यवाद।

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): I really thank the hon. Deputy Chairman and also the hon. Chairman. Every time he hosted dinner or lunch, our hon. Chairman used to invite me like all others. He invites the entire House. So, he used to invite me also. I used to enjoy the food because the preferable food of Tamil Nadu is made available there. So, whenever we used to go to his place, we always enjoyed the food. Though he is not here, I thank the hon. Chairman. He is very affectionate. He educates us in all the aspects, like how to behave in the Parliament. He is taking lessons. I am the student; I am the beneficiary.

Then, as rightly pointed out by our leader, Dr. Thambidurai, I have been sent to this House only by hon. Amma. I was only a practitioner of law, interpreting the law, finding out the loopholes and giving the evidence. But, now, I am the law-maker. This is the dream job of any lawyer. She made me to be a law maker. I even moved five Amendments in the GST Bill. I participated in several Constitution Amendments. So, now, my life is complete. I have no worry about it. ...*(Interruptions)*... No, my life is complete. And, as for my background, I come from a village, an agricultural family. I am the first generation lawyer, that too in the Mofussil court. No question of Constitutional practice. Our senior lawyer is sitting there. He used to practice in the Supreme Court. But I used to write the plaints filed before the sub-courts and Munsif courts on Article 14, Article 19 and Article 21. Whenever I filed a suit against the Government, I used to point out and draw the attention of the court. They would say that it is the constitutional right and it can be enforced only by invoking Article 226 or Article 32. I said, constitutional right is also a civil right. Without being a civil right, it cannot be a constitutional right. So, this right will come within the purview of Section 9 of Civil Procedure Code.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Navaneethakrishnan ji, please conclude.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: I had a dream to become the Advocate General of Madras High Court. I never knew that it would become a reality, and, without any recommendation, hon. Amma, made me the Advocate General. Many Bills were passed. You understand that passing Bills here is different, passing Bills through the Advocate General is different.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Navaneethakrishnan ji, please conclude.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: One minute, Sir. Thereafter, I expressed my difficulty in discharging the duties of Advocate General. To put it plainly, I differed with her. She did not get angry with me. She made be the Chairman of Tamil Nadu Service Commission. Everybody was telling that I will be terminated. With folded hands, in Tamil, I said, Amma, *"I am unable to do it." She said, Navaneethakrishnan, you are going to be another constitutional functionary."

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Navaneethakrishnan ji, there are other Members also.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: And, then, while I was discharging the duties as the Chairman of Tamil Nadu Public Service Commission, one fine morning, I was informed that I was going to be the Member of Parliament. I said to her, "Madam, I do not know politics." She said, "No, you are a politician. You know law. I want to make you a lawmaker." That is why, I came here.

Sir, I thank hon. Chairman, hon. Prime Minister, hon. Home Minister and the BJP because I became the Chairman of the Committee on Government Assurances of Rajya Sabha. It is a tool to enforce the accountability of the Executive and the Ruling Party. So, whatever assurances are given by the hon. Ministers are examined, culled out, and we find out whether it is fulfilled or not.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Navaneethakrishnan ji, there are other Speakers also.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: One minute, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: They will miss the opportunity.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Sir, this is an important Committee. My performance must be known to this august House. Number of assurances culled out - 1,325; number of assurances fulfilled - 1,551, number of meetings held - 18; number of oral evidence filed - 5; number of study tours undertaken - 6; number of reports presented - 4.

---

* English translation of the original speech delivered in Tamil.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Navaneethakrishnan ji, please conclude. Other Members will miss the opportunity.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Sir, it is a team work. I would like to thank the officers, Shri Surendra Tripathi, Shri V.S.P.Singh, Shri Vijay Rai, Shri Vinay Malik and Shri Kailash Singh. I would also like to thank AIADMK party functionaries, Shri Chandrasekar and Shri Pandian. Sir, I also became the Member of the Finance Committee. I must thank Dr. Maitreyan, who accommodated me.

Finally, I would like to conclude by saying that our nation is safe in the hands of hon. Prime Minister. He has made 'Yoga' a world-wide phenomenon, for, which I thank the hon. Prime Minister of India. With this, I conclude my speech. Thank you.

**श्री उपसभापति** : माननीय सदस्यगण, अगर आप समय के अंदर, एक-दो मिनट में अपनी बात नहीं कहेंगे, तो बाकी मैम्बर्स छूट जाएंगे, इसलिए प्लीज़ समय का ध्यान रखिए। माननीय श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर, आप अपनी स्पीच आरम्भ कीजिए।

**श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर** (राजस्थान) : उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे फेयरवैल स्पीच पर बोलने का मौका दिया। उपसभापति जी, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इस सदन में पहुँचूँगा। महोदय, एक दिन वसुंधरा जी, जो उस समय राजस्थान की चीफ़ मिनिस्टर थीं, उन्होंने मुझे फोन करके बोला कि हम आपको राज्य सभा में भेज रहे हैं। मैंने उनसे खूब हँसकर कहा कि आज April Fool's Day नहीं है, हालांकि कल April Fool's Day है। उस टाइम मुझे ध्यान भी नहीं आया कि मैं कहाँ जा रहा हूं। मैं इसके लिए हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी को और श्री अमित शाह जी को - जो उस टाइम राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और अभी जो राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं - जे.पी.नड्डा जी तथा माननीया वसुंधरा जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं इस सदन में हमारे माननीय चेयरमैन, श्री एम. वेंकैया नायडु जी के साथ 2016 में राजस्थान से चुनकर आया था। सर, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि मेरी maiden speech सिर्फ तीन मिनट चली। उस समय के जो उपसभापति थे - कुरियन जी, मैं उनके बारे में बताना चाहता हूं कि मैंने अभी बोलना शुरू ही किया था कि वे डिस्ट्रैक्ट हो गए। शायद कुछ लोग बोल रहे थे, जिससे वे बहुत नाराज हुए, लेकिन उनका वह गुस्सा मेरे ऊपर निकल गया और उन्होंने कहा कि बैठ जाइए। मैंने कहा कि सर, यह मेरी maiden speech है, लेकिन उन्होंने कहा कि maiden speech next time, आप अभी बैठ जाइए। मुझे मालूम नहीं था कि maiden speech भी next time होती है। इस तरह से मेरी maiden speech केवल तीन मिनट की रही। सर, मेरे दादा जी आदरणीय लक्ष्मण सिंह जी 1952-58 तक इस राज्य सभा के मैम्बर थे। वे उस पहली राज्य सभा के मैम्बर थे, जो इस बिल्डिंग में हुई थी। वे राज्य सभा क्रिकेट टीम के कैप्टन थे और लोक सभा क्रिकेट टीम के कैप्टन पंडित नेहरू जी थे। उस टाइम ये matches काफी होते थे, लेकिन आजकल ये सब बंद हो गए हैं, इसलिए हम चाहते हैं कि ये क्रिकेट मैचेज़ और यह खेल स्पर्द्धा फिर से चालू हो। मैं इस बिल्डिंग के, इस सदन के आखिरी सेशन में भाग ले रहा हूं - यह भी एक ऐतिहासिक चीज़ है।

सर, मेरा एक बहुत अच्छा अनुभव रहा है। हमने उस तरफ से भी और इस तरफ से भी कई अच्छे दोस्त बनाए और हमें बहुत-कुछ सीखने को भी मिला। एक बात तो यह रही कि हम बहुत जल्दी लोगों को परखना सीख गए और दूसरी बात यह है कि जब कभी भी देश की सेवा करने का मौका मिलेगा, हम वापस इसके लिए तैयार होंगे। मैं यह कह सकता हूं कि इस सदन में ये छह साल बहुत जल्दी गुज़र गए। Time flies when you are in Parliament. I want to thank all the party members. मेरे जो भी पार्टी मैम्बर्स थे, जिन्होंने मेरी मदद की, बोलने का मौका दिया..(**व्यवधान**)..

**श्री उपसभापति** : माननीय श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर, आप अपनी स्पीच खत्म कीजिए।

**श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर** : मैं समस्त राज्य सभा स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। सर, मैं अंत में यह कहना चाहता हूं कि जिस तरह की विश्व की स्थिति है और हमारे पड़ोसी देशों के जो हालात हैं, यदि मैं उस परिप्रेक्ष्य में कहूं तो हमारे माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम आजकल बहुत सुरक्षित महसूस करते हैं। जिस तरह से इस देश की सुरक्षा और आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो रही है, हम उसके लिए भी बहुत अच्छा महसूस करते हैं। उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर जी। डा. विकास महात्मे जी, आप अपनी फेयरवैल स्पीच आरम्भ कीजिए।

**डा. विकास महात्मे** (महाराष्ट्र): उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे इस अवसर पर बोलने का मौका दिया। सर, मैं यहाँ आया, तो इसलिए आ सका, क्योंकि मेरे धनगर, शेफर्ड समाज के जो भी लोग हैं, उनकी शुभकामनाएं, शुभेच्छा मेरे साथ थी और उन्होंने मुझ पर विश्वास रखा। मैं यहाँ इसलिए आ सका, क्योंकि इसके पीछे ये लोग साथ थे। महोदय, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैं उनके विश्वास की वजह से यहाँ पहुंचा। पहले मैं महाराष्ट्र से सीमित काम कर रहा था, लेकिन आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और अमित शाह जी - वे तब अध्यक्ष थे, उन्होंने मुझे मौका दिया, जिसकी वजह से पूरे देश के जो पिछड़े वर्ग हैं, पिछड़े लोग हैं, उनकी क्या कठिनाइयाँ हैं - मैं उनको समझ पाया हूं। हम जो 'विविधता में एकता' का वाक्य बोलते हैं, उसमें किस तरह से काम कर सकते हैं, मैं इसको भी उनकी वजह से समझ पाया, क्योंकि उन्होंने मुझे यह अवसर दिया।

सर, मैं एक डॉक्टर हूं, eye specialist हूं और हमारे चैरिटेबल हॉस्पिटल्स हैं। इसकी वजह से मुझे दो शब्द बोलना कठिन है, लेकिन दो ऑपरेशन करना मेरे लिए आसान है। वैसे मैं राजनीति से बहुत दूर था, लेकिन माननीय नितिन गडकरी जी के साथ में मैं रहा हूं और वे तो एक मैग्नेट की तरह हैं। आप उनके पास जाएंगे तो अपने आप उनकी तरफ खिंचे चले जाएंगे। उनके साथ में रहकर मैंने उनको देखा कि वे राजनीति से ज्यादा लोक नीति करते हैं। मैं भी लोक नीति करने के लिए मैं इस तरफ पहुंचा। यहां आने के लिए मैं लोक नीति की तरफ खिंचता चला गया, लोक नीति करने लगा।

वैसे ही आदरणीय देवेन्द्र फड़णवीस जी ने मुझे मौका दिया और इस वजह से भी मैं यहां पहुंचा। उन्होंने तब धनगर समाज के लिए मैंने जो-जो बताया, उस तरीके से विकास का काम किया और हमारे समाज को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कोशिश की। उनका भी मैं आभार व्यक्त करना चाहूंगा।

उसी प्रकार मैं बताना चाहूंगा कि as a Parliamentarian मैंने बहुत कुछ सीखा। यहां पर तो सीखा ही, लेकिन जो Parliamentary Standing Committees रहती हैं और बाकी जो कमेटीज़ रहती हैं। कमेटी में जो चर्चा होती है और यहां जो चर्चा होती है, उसमे काफी फर्क है। पार्लियामेंट में ज्यादातर मैंने देखा कि जो भी डिबेट्स होती हैं, उसमें सामने वाला कैसे गलत है, यह भाव रख कर डिबेट की जाती है और उसे हम गलत कैसे साबित करें, इस तरीके से डिबेट होती है और इस तरीके से अपनी बात रखी जाती है, लेकिन जो स्टैंडिंग कमेटी है या सिलेक्ट कमेटी है, उसमें हम कोई भी कठिनाई या परेशानी कैसे दूर कर पायें, इस तरीके से अपनी बात रखी जाती है और subject explore किया जाता है। मुझे लगता है कि वह भी एक अच्छा तरीका था और उसमें मैं काफी कुछ सीख पाया कि exploration of the subject और चर्चा बहुत महत्वपूर्ण है और किस तरीके से करने से हम कुछ solutions provide कर सकते हैं।

उसी प्रकार मैंने जो विलेज adopt किये थे, उनमें भी मैं काम कर रहा था। Village adopt करने के बाद सबसे पहले यह होता है कि रास्ते तैयार करो, गंदा पानी जाने के लिए नालियां तैयार करो और पंचायत समिति की बिल्डिंग तैयार करो। यह तो हुआ, लेकिन फिर भी ऐसा लग रहा था कि लोगों से मैं जुड़ नहीं पा रहा हूं तो उस वक्त जिसका कोई नहीं, उसकी सरकार है, इस भावना से कैसे काम करें और लोगों से कैसे जुड़ पाएं, इस पर...

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

MR. CHAIRMAN: Vikas Mahatme *ji*, you have already taken three minutes.

**डा. विकास महात्मे** : मनसुख मांडविया जी ने मुझे बहुत गाइड किया और उससे मैं लोगों से जुड़ पाया, धरातल के लोगों के साथ मैं जुड़ पाया, इसलिए मैं उनको भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

मुझे यहां सीखने के काफी मौके मिले। यहां सभी सीजंड पोलिटिशियंस हैं, उनके साथ रहकर मैं काफी कुछ सीख पाया, इसलिए मैं खुद को गौरवान्वित समझता हूं कि यह मौका मुझे मिला।

यहां पर मैं यह बताना चाहूंगा कि मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है। मुझे इस बात का खेद नहीं है कि कार्यकाल समाप्त हो रहा है, खेद इस बात का भी होता है कि यहां के सब लोगों को मैं मिस करूंगा। फिर भी मैं चाहता हूं कि बाद में आप लोगों से मिलता रहूं और कुछ सीखता रहूं, धन्यवाद।

SHRI K.J. ALPHONS (Rajasthan): Sir, I have been in this House for the past four-and-a-half years. Sir, when you vacated the seat in this House, I got this great opportunity to step into your shoes. Nobody can ever step into your shoes, Sir. You

are a man of wisdom, Sir. I am a small person. You are privileged to have been occupying that seat, Sir. I am most grateful to you, Sir. My wife got beaten up in 1994 when I was the Commissioner, DDA, and you visited my home. It has been such a personal relationship. You have been always supportive of me for the past 30 years.

Sir, I will start with apologies. Many Members have been complaining that I have been speaking too loud. I am so sorry. I am so sorry if my sound has been too loud. That is the way I am. I apologize if I have damaged anybody's eardrums. I apologize for that.

Secondly, I am aware that I have been bombarding this House with millions of numbers. Sir, I am a man of facts, not of fiction. I offer my apologies if somebody got worked up because of that. Even I hated my mathematics paper in my economics studies in my post-graduation. If somebody got worked up because of that, I am extremely sorry. I am a man of numbers and therefore I am very sorry.

Sir, thirdly, my dear friend, Dr. Amee, was saying as to why I stare at them while speaking. When so many charming people are out there, how would I not stare that side? I have to when I speak. So, please excuse me for all this.

Sir, it has been my great privilege that when I walked into Parliament today, my dear friend for 30 years, Mr. John Brittas remarked, "Mr. Alphons, you are wearing the jacket of an IAS probationer." Sir, this is the jacket which I wore when I walked into Mussourie Academy 42 years back. It is exactly the same jacket. When I walked in there, for a lot of IAS people, it was the fulfillment of a desire that they had become a god for people; it was an opportunity to a lot of our people. I said that I was going to be the voice of the people as an IAS. For 27 years, from being the District Collector of Kottayam -- we made Kottayam the first 100 per cent literate town in the country and getting three Best Collector Awards -- to being Commissioner of Delhi Development Authority, enforcing the law and knocking down 14,310 illegal buildings, I have survived in this system because of the blessings of God and the people of this country.

MR. CHAIRMAN: Right, Mr. Alphons. I have to call the next speaker.

SHRI K.J. ALPHONS: Sir, I would conclude in one minute. It may be my last opportunity. I am extremely grateful to the hon. Prime Minister and the Party President for making me a Minister first. I came in as a front bencher and then moved to the back bench. I am extremely grateful. I would like to clarify and place on record one thing. I have tried to be the voice of the people for the past 40 years. In this House, I have spoken for the ideology of Prime Minister, Shri Narendra Modi, that all

those people who can help themselves must be allowed to function; create work and create jobs. All those who cannot help themselves must be helped by the Government. I spoke about this, and I spoke about people, and supported people who create jobs in this country. If somebody misunderstood it saying that I have become the spokesperson of capitalism, let me reiterate in this House that I have never had a cup of coffee from any industrialist. I never had that habit. I intend being the voice of the people. I jog five kilometres a day and I stay fit. I will continue to do that. I will begin my practice as a lawyer. Thank you so much, Sir.

MR. CHAIRMAN: Please follow the timing. We were supposed to close it at 3.30 p.m. Now, Shri Sanjay Seth.

**श्री संजय सेठ** (उत्तर प्रदेश) : सर, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूँ और मेरा कार्यकाल जुलाई में खत्म हो रहा है। मैं बहुत सौभाग्यशाली हूँ कि मुझे उस वक्त यहाँ पर आने का मौका मिला, जब हमारे देश का नेतृत्व माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं, जिन्होंने हमारे देश को विश्व में बहुत ऊँचे स्थान पर ले जाकर खड़ा किया है। उन्होंने सारे देश के अन्दर गरीबों का ख्याल रखा है, उनको मकान दिया, पानी दिया, बिजली दी और हम सब व्यापारियों के लिए भी बहुत सारे काम किए हैं। मैं पहले कार्यकाल में माननीय मुलायम सिंह यादव जी, जो इस देश के बहुत बड़े नेता हैं, उनके आशीर्वाद से यहाँ पर आया था। उनके आशीर्वाद से ही मुझे इस सदन के अन्दर आने का मौका मिला है। मैं उनको बहुत धन्यवाद देता हूँ, उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूँ और उनकी लंबी आयु की आशा करता हूँ। मैंने इस सदन में बहुत सारी चीजें देखी हैं, जैसे यहाँ पर GST आया, 370 हटा, CAA आया। ये सारी चीजें मेरे सामने हुई हैं, मैं इसको अपना सौभाग्य ही समझता हूँ। मैं ज्यादातर Industry की Standing Committee में रहा हूँ। इसलिए मैं इसके उन दोनों Chairmen को, --पहले हमारे माननीय राम चन्द्र प्रसाद सिंह जी थे, अभी डा. के. केशव राव जी हैं --उन दोनों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि मुझे उनके नेतृत्व में यहाँ पर बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं आपको भी बहुत धन्यवाद देता हूँ और वाइस-चेयरमैन के पूरे पैनल को भी बहुत धन्यवाद देता हूँ, जिनसे मुझे यहाँ पर बैठ कर बहुत सीखने को मिला है। धन्यवाद।

**श्री सभापति** : श्री अशोक सिद्धार्थ।

**श्री अशोक सिद्धार्थ** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलने का अवसर दिया। मैं आभार व्यक्त करता हूँ अपनी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, आदरणीया बहन जी का कि उन्होंने मुझे देश के सर्वोच्च सदन में बोलने और बैठने का अवसर प्रदान किया। माननीय सभापति महोदय, मैं एक साधारण से परिवार से ताल्लुक रखता हूँ। उस परिवार से, जिस परिवार से मेरे माता-पिता, दोनों ने इस देश में सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के आंदोलन में एक अहम भूमिका निभाने का काम किया था।

महोदय, अगर मैं अपने राजनैतिक सफर की शुरुआत की बात करूं, तो जब मैं मात्र छः महीने का था, उस समय मेरी मां और मेरे पिता जी 'अम्बेडकर मूवमेंट' में जेल गए थे। उस समय मैं उनकी गोद में था और उनके साथ मैं भी जेल गया था। मेरे ऊपर मेरी माता जी और मेरे पिता जी का राजनैतिक प्रभाव रहा है। मेरी माँ श्रीमती विटोली देवी और पिता गणपत लाल प्रेमी जी ने कई बार अम्बेडकर आन्दोलन के लिए जेल की यात्रा की थी।

महोदय, मुझे देश के सर्वोच्च सदन में बैठने और बोलने का जो मौका मिला, उसके लिए मैं इस सदी के महानायक, मान्यवर श्री कांशीराम साहब का आभार व्यक्त करता हूं। उनके कारण ही एक साधारण से परिवार में पैदा हुआ बेटा इस उच्च सदन में बैठने और बोलने का सपना देख सका।

महोदय, मैं सरकारी नौकरी करता था, लेकिन आदरणीय बहन जी ने मुझे BAMCEF का ज़िला संयोजक बना दिया और उसके बाद जब वे मुझसे मिलीं तो उन्होंने कहा कि मैं यह चाहती हूं कि तुम सरकारी नौकरी छोड़ कर राजनीति में पूर्णकालिक काम करो। उन्होंने मुझे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् का सदस्य बना दिया। विधान परिषद् का सदस्य बनने के बाद जब मेरा कार्यकाल समाप्त हुआ, तो उन्होंने मुझे राज्य सभा में भेजने का काम किया। मैं इस सदन के अपने सभी वरिष्ठ साथियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिनका मुझे समय-समय पर सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहा है। चेयरमैन साहब, मैं आपके प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं। अंत में चार लाइनों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करूंगा-

*"गुजरा वक्त दिल की बात सुनाएगा,*
*कभी साथ थे हर पल याद आएगा,*
*गौर से पलटना सदन की कार्यवाही के पन्नों को,*
*कभी न कभी तो हमारा नाम भी नज़र आएगा ।।"*

जय भीम, जय भारत! धन्यवाद।

**सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा** (पंजाब) : चेयरमैन सर, कई दफा किस्मत कहीं से कहीं ले जाती है। मैं पहले state politics में था और 1972 में पहली बार independent MLA बना, उसके बाद चार दफा फिर से MLA बना। मैं सरदार प्रकाश सिंह बादल जी की सरकार में मंत्री भी रहा, लेकिन 1985 के बाद वहां इलेक्शंस नहीं हुए। आप जानते हैं कि पंजाब के हालात उस समय बहुत खराब हो गए थे। 1992 में हमारी पार्टी ने elections का boycott कर दिया, लेकिन 1997 में किस्मत ने एक बार फिर मोड़ लिया और मैं election हार गया। उसके बाद हमारी पार्टी ने मुझे यहां पर भेज दिया, उसके कुछ दिन बाद मैं अटल जी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बन कर आया। उस वक्त आप भी हमारे साथ थे, यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यहां मुझे सारी दुनिया में घूमने का मौका मिला, सबने मुझे बहुत सम्मान और सत्कार दिया, जैसा उनका स्वभाव था। बाद में मैं तीन दफा इस हाउस में रहा और एक दफा लोक सभा में रहा, लेकिन यहां आने के बाद कभी भी वापस जाने का मेरा मन नहीं हुआ। यहां पर मुझे बहुत सारे लीडर्स और मेम्बर्स से मिलने

का वक्त मिला, जो different states के थे, different cultures के थे, different languages के थे, उनके खान-पान भी different थे। मुझे इन सबसे मिल कर हमेशा बड़ी खुशी हुई।

सर, मैं सभी लीडर्स के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं। हमारे जो प्रधान मंत्री जी हैं और उनकी कैबिनेट के जो मंत्री हैं, उन सबने मुझे बहुत प्यार दिया। जब भी ये लोग मुझे मिले, इन्होंने कभी भी किसी बात के लिए उलटा जवाब नहीं दिया, इसके लिए मैं इन सबका आभारी हूं। चेयरमैन सर, खास तौर पर मैं आपका, आपके स्टाफ का, डिप्टी चेयरमैन साहब का, सेक्रेटरी जनरल का और बाकी सबका बहुत आभारी हूं। हालांकि मेरे साथ मुश्किल यह रही कि मुझे बोलने के लिए बहुत कम टाइम मिलता रहा, क्योंकि पहले हम तीन सदस्य थे, बाद में मैं अकेला रह गया, इसलिए आपकी भी मजबूरी थी। जब कभी भी हम बोलने का टाइम मांगते थे, तो हमें एक मिनट या दो मिनट का टाइम मिलता था और इतने कम टाइम में हम कुछ बोल नहीं सकते थे, इसीलिए इस हाउस में हम बहुत कम बोल सके।

मैं यहां पर बैठे हुए सभी भाई-बहनों और मेरे साथियों को यही कहना चाहूंगा, मैं जिनसे भी मिला, उन सबने हमें प्यार दिया और हर तरह से साथ दिया।

महोदय, मैंने किसी के साथ कोई बुरी बात नहीं की और यदि मेरे द्वारा किसी का दिल दुखाया गया है, तो मैं उसके लिए माफी चाहता हूं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मुझे यहां आए लगभग 23 साल हो गये हैं, इसलिए आने वाले समय में मैं आप सबको बहुत मिस करूंगा।

महोदय, मैं एक बात जरूर कहता हूं कि यहां गुजराल साहब बैठे हैं, कभी हमारी एक पार्टी थी, अब मैं उनसे अलग हो गया हूं, लेकिन उनका प्यार अभी तक मेरे साथ है, चाहे मेरी दूसरी पार्टी बन गई, लेकिन उन्होंने मुझे हमेशा बड़े भाई की तरह प्यार दिया, मैं उन्हें भी धन्यवाद देता हूं।

MR. CHAIRMAN: Right, Dhindsa*ji*. Please.

**सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा** : चेयरमैन साहब, टाइम बहुत कम है, हालांकि मुझे बहुत बातें करनी थी। अंत में मैं आपका आभार प्रकट करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं, थैंक यू।

MR. CHAIRMAN: Dhindsa*ji*, you are only 85 years!

**सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा** : सर, नौ अप्रैल को इसी साल मेरी 86 साल की उम्र हो जाएगी।

MR. CHAIRMAN: Good. Only 86 years. Keep it up. Now, Shri Vivek K. Tankha.

SHRI VIVEK K. TANKHA (Madhya Pradesh): Sir, I will be very brief because I need to enjoy the cuisines this evening. First of all, this is not my farewell speech, this is my thank you speech. I don't believe in farewell by the way. I always believe that you are an author of your own destiny and it is your hard work which takes you everywhere. So, I never do farewells, I only do thank-yous. I must thank my party, my party

leader, Sonia*ji*. I thank my party and my friends from Madhya Pradesh who worked very hard to ensure that I reached Rajya Sabha at that time. In that, Shri Satish Misra was my old colleague. He is an Advocate General. Mayawati*ji* also played a very major role. Those five votes made the only difference which could bring me to the Rajya Sabha at that time. But, that apart as that is an old story. My some observations are that when I came here, I wanted to see more debates. In the first two years of my tenure, I saw debates. I participated in many debates. Then, there was Covid and then, there were other issues. For two-three years, there were, virtually, no debates for me. Then, again now, I got some opportunity, I spoke on Kashmir and may be on Monday, I speak on something else. I think, Parliament is a very important debating platform and this should never be forgotten. Number two is, when I came to Parliament, I always envisage thought of a Parliament as a supreme body. It is because Legislature, Judiciary and Executive, these are three organs of the Government. But, what I found is that the Government, actually, is supreme and not Parliament. It is because, ultimately, they have an over-powering say even on the Parliament. Somewhere I feel that Parliament should be empowered again and, especially, when we are debating and we are suggesting good amendments also, they are never believed or never so done. I mean, it is like a mechanical exercise. But, anyway, Sir, there are many things that I could have said but I know that it will take time. Thank you very much, Sir. It was wonderful knowing so many people from so many parts of India and I made such a lot of new friends and the staff was very cooperative. Both the Chairmen, Sir, you and Shri Hamid Ansari, I was fortunate to enjoy their affection. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN: Thank you Vivek*ji*. We have another nine Members but we have only 17 minutes including this thing. Please keep that in mind. I need not remind everybody about the time. Now, Shri Ram Vichar Netam. आपको एक मिनट में अपनी बात खत्म करनी है। राम विचार जी, आप उसे मत देखिये, आप सीधा बोलिये।

**श्री राम विचार नेताम** (छत्तीसगढ़) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा। आप राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे, मंत्री के रूप में रहे और आज हम सबके हेड मास्टर के रूप में यहां बैठे हैं। जिस तरह से आपने सदन को चलाया, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, इसके साथ ही साथ मैं अपनी पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे फोन करके बताया कि आपको राज्य सभा के लिए नामांकन भरना है। मुझे यह सुन कर विश्वास नहीं हो रहा था कि वास्तव में मेरा नाम होगा।

माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद, जिनकी स्वीकृति के बगैर यह होना सम्भव नहीं था, उन्होंने मेरे नाम का चयन किया।

महोदय, मैं अपने प्रदेश के सभी माननीय विधायकों को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने समर्थन देकर, वोट देकर मुझे इस उच्च सदन का सदस्य बनने का सौभाग्य दिया। मैं इसकी कल्पना नहीं कर सकता था। मैं वैसे भी सुदूर अंचल का रहने वाला हूँ। मैं गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, नौजवानों के बीच में अपना पूरा जीवन, संघर्षमय जीवन बिताने वाला, उनके लिए लड़ाई लड़ने वाला रहा हूँ। यह लड़ाई लड़ते-लड़ते, पार्टी ने मुझे विधायक के रूप में चुना, प्रदेश के मंत्री मंडल में स्थान दिया।

साथ ही साथ महोदय, आज उच्च सदन में इतने सारे महानुभाव बैठे हैं, इनसे पूरे देश का चित्र दिखाई देता है। राज्य सभा में आने के साथ वह पूरा चित्र स्पष्ट हो जाता है। किस राज्य की क्या संस्कृति है, क्या बोली-भाषा है, यह यहाँ दिखता है। यह मौका तो बिरले ही किसी को मिलता है। करोड़ों में से कुछ लोगों को ही यह अवसर मिल पाता है, जो आज मुझे प्राप्त हुआ है। मैं इसके लिए अपने क्षेत्र के लोगों का, अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का, अपनी पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं का, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जे.पी. नड्डा जी का आभारी हूँ। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Right, Ram Vichar*ji*, 3 मिनट हो गये हैं।

**श्री राम विचार नेताम** : महोदय, सबसे अधिक मैं आपका और माननीय उपसभापति महोदय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री राम विचार नेताम** : साथ ही साथ, राज्य सभा सचिवालय में जितना भी स्टाफ हैं, सेक्रेटरी जेनरल महोदय से लेकर तमाम मार्शल्स तथा अन्य सभी का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही साथ महोदय, मैं आपका सबसे अधिक आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे अपने साथ विदेश जाने का अवसर दिया। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Okay, Ram Vichar*ji*.

**श्री राम विचार नेताम** : यही नहीं, हम लोगों को विदेश में कहीं पर कोई तकलीफ़ नहीं हो, इसके लिए आप एक-एक चीज़ की, हम लोगों की निगरानी करते थे, देखते थे, हमें अवसर देते थे। मैं इन चीज़ों को कैसे भूल सकता हूँ? मैं उस चीज़ को कैसे भूल सकता हूँ, जब तिरुची शिवा जी हिन्दी फिल्मों के इतने अच्छे गाने सुनाते थे। ...(**व्यवधान**)... इसके साथ ही साथ महोदय, मैं तमाम सदस्यों को ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please, Ram Vichar Netam*ji*. ...*(Interruptions)*... मुझे आगे भी सदस्यों को बुलाना है। ...(**व्यवधान**)... आपके बोलने का टाइम खत्म हो गया है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राम विचार नेताम** : हम अपने आदरणीय वरिष्ठ नेताओं को कैसे भूल सकते हैं? ...(**व्यवधान**)... यह सब तो जीवन में हो सकता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : किसी को मत भूलिए।

**श्री राम विचार नेताम** : लेकिन इन सारी बातों को हम कभी नहीं भुला सकते हैं। इसलिए मैं तो यही कहना चाहूँगा कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... Now, Shri Naresh Gujral. ...*(Interruptions)*...

**श्री राम विचार नेताम** : महोदय, मैं एक और निवेदन के साथ ...(**व्यवधान**)... कि तेरा वैभव अमर रहेगा.. ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I cannot allow more than two minutes. You have taken four minutes. Thank you. ...*(Interruptions)*... Now, Shri Naresh Gujral. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... It will be odd for me to stop any Member in between because time has been indicated. Try to understand. इसे समझने की कोशिश कीजिए कि 4 बजे तक समाप्त करना है।

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Sir, as I rise to bid farewell to all my friends after three glorious terms in this House, I am reminded of my grandfather, freedom fighter, Shri A.N. Gujral, who was a Member of the Constituent Assembly of Pakistan. But thereafter, when the riots broke out, the family virtually came to India as refugees and he would say, "Never look back, always look forward. And if you are positive in your attitude, God will find the way for you provided you decide to help the poor and the downtrodden". I think that is a feeling we must all have today. Sir, I am also reminded of the first day that I came to Parliament and my late father, Shri I.K. Gujral, gave me some *gyan*. He said, "There are certain rules. Number one, never be rude to anybody even in the face of the gravest provocation. Number two, never make personal remarks against anybody. Number three, never be afraid to speak up your mind. Number four, protest when you have to, but do not disrupt the House, and, last, but, not the least, never, never enter the Well of the House. Sir, I have tried to follow his advice, but, if, inadvertently, I have hurt somebody's feelings, I would ask for forgiveness.

Sir, I have to thank you. You have been extremely kind to me. You have showered a lot of affection on me and I have learnt a lot from you. I would also like to

thank the Deputy Chairman and the entire Secretariat and the staff of this House, and I think, without their help and the required support, this House cannot function.

Sir, I have seen in my 15 years, a lot of disruptions in this House including whole Session being wiped away. I have moved one Private Member's Bill which says (a) the House must meet for 100 days; (b) If there are disruptions, then, the House automatically gets extended by that many hours or day; and (c) which, I think, is most important, there should be one Session every year where there is no Government Business, no criticism of the Government but we discuss ideas which face the country, the problems that face the country and together we do *sagarmanthan* and find solutions for this country. I do hope, Sir, that in the future, this would be carried forward. Sir, I leave this House with a lot of optimism and I end with a couplet:

*"सितारों के आगे जहाँ और भी हैं,*
*अभी इश्क़ के इम्तिहाँ और भी हैं।"*

MR. CHAIRMAN: Shri Naresh Gujral always used to keep in touch with friends from all sides and he also used to coordinate, and there was no recognized opposition also, as he formed a group and made a good contribution to the proper functioning of this House. We will be missing him now. Now, Shri Y.S. Chowdary.

SHRI Y.S. CHOWDARY (Andhra Pradesh): Thank you hon. Chairman, Sir. I would like to briefly tell about my journey. Though by qualification, I am an engineer, by choice, I have become an entrepreneur, by surprise, I got into politics. In fact, my journey in this House as well as in the politics both are equal, 12 years. I would be failing if I don't express my gratitude to Shri N. Chandrababu Naidu Garu who has selected me to get elected to this House twice. Though, I have diferred politically today with this Party and with him but I always respect him for his hard work and for his endeavour to serve the nation.

Undoubtedly, I have learnt a lot from the Bharatiya Janata Party, I also learnt a lot from the hon. Prime Minister, while serving as the Member of Council of Ministers with him. I cannot emotionally forget my mentor who has guided a lot, Shri Arun Jaitely, who is not with us today. In fact, I started my journey with him when he was LoP. Then, he became the Leader of the House who has really guided me like a student. Of course, I have started learning basics from our former Chairman of this House, Hamid Ansari*ji* and Deputy Chairman, Kurien*ji*. That saga of learning from present Chairman, Shri Venkaiah Naidu Garu and Harivansh*ji* continued undoubtedly.

I also gained rich experience while serving as a Member of various Standing Committees as well as Consultative Committees and also I learnt a lot from every Member of this august House. Mainly, I would like to mention a few names like Ghulam Nabi Azad*ji*, Sitaram Yechuri*ji*, D. Raja*ji,* though they are not here, Jairam Ramesh*ji*, Naresh Gujral*ji*, who has been a great support right from beginning. He taught me, apart from what I have learnt from the House, the art of bringing about unanimity from diverse views and opinions. I have learnt a lot from Naresh*ji* also. Similarly, I have learnt from other Members like Tiruchi Siva*ji*, Prasanna Acharya*ji* and so many others. From Derek O'Brien*ji*, I learnt how to fight for our rights.

MR. CHAIRMAN: Right, Mr. Chowdary.

SHRI Y.S. CHOWDARY: I always feel that God has been very kind for giving me this opportunity. I would like to thank the entire staff of Rajya Sabha and the Parliament. I would like to serve the nation and the State of Andhra Pradesh continuously. Thank you very much for giving me this opportunity.

MR. CHAIRMAN: Right, Mr. Chowdary. Now, Shri Sambhaji Chhatrapati.

SHRI SAMBHAJI CHHATRAPATI (Nominated): Sir, I express my gratitude to the then hon. President, late Shri Pranab Mukherjee as well as hon. Prime Minister, Narendra Modi*ji* for considering worthy enough to nominate me as a Member of Parliament. Perhaps, Sir, I am one of the youngest Nominated Members of Parliament. So, I always have kept a low profile. The term gave me ample opportunities to learn the intricacies of Parliamentary democracy as a true student.

Sir, truly following the principles of my ancestors Chhatrapati Shivaji Maharaj, Rajarshi Shahuji Maharaj, I always availed the opportunities to raise issues pertaining to the depressed classes of the society, socially, educationally, economically-backward communities including the Marathas who have a population of 35 per cent in Maharashtra. Sir, as a Member of the House, I tried my very best to speak on protection, preservation and development of forts of Maharashtra and monuments left behind by Chhatrapati Shivaji Maharaj. I urge the Government that they should go ahead with the protection of these monuments. I used my entire tenure, may be I spoke less here, but, I would like to quote two things which I have done to the fullest. Sir, one is I started the Chhatrapati Shivaji Maharaj Jayanti in Delhi elaborately which was presided over by the President of India and the Chiefs of Military and Navy also attended that programme. Secondly, Raigad is the capital fort of Chhatrapati Shivaji

Maharaj and Chhatrapati Shivaji Maharaj was coronated as a *Chhatrapati.* Giani Zail Singh, hon. President visited that monument, two Prime Ministers late Indira*ji* and late Vajpayee*ji* visited the Raigad Fort. I am heading the Raigad Development Authority, which is a first of its kind where the State and Centre are doing the restoration and conservation of that Fort. Sir, just a minute, it is very important.

MR. CHAIRMAN: The point is, I have four minutes and I have four more speakers.

SHRI SAMBHAJI CHHATRAPATI: Sir, I am just completing. I saw to that in December, the President of India also visited the Fort. So, these were the two achievements that I wanted to tell you. Sir, my maiden speech was about Chhatrapati Shahu Maharaj, and I am ending my speech with Chhatrapati Shahuji Maharaj. It is very important because Rajarshi Chhatrapati Shahuji Maharaj, who in spite of being a king, lived the life of a sage or a *rishi*. Dr. Baba Saheb Ambedkar had addressed Shahuji Maharaj as a pillar of social democracy; his live statue is in the Parliament. Sir, 6th May, 2022, is the death centenary of Chhatrapati Shahuji Maharaj. I would like to urge the Government to have various programmes to commemorate death centenary of Chhatrapati Shahuji Maharaj. This is my request to the Government.

MR. CHAIRMAN: Thank you, the next speaker is Shri T.G. Venkatesh.

SHRI SAMBHAJI CHHATRAPATI: Sir, I am just finishing.

MR. CHAIRMAN: You will be depriving three more Members. You request them, if they are not going to speak, then, I have no problem.

SHRI SAMBHAJI CHHATRAPATI: Sir, just one line.

MR. CHAIRMAN: Please say, say three lines.

SHRI SAMBHAJI CHHATRAPATI: Thank you Sir for giving me an opportunity to speak here. I also thank Dr. Patra. There was a very important issue of reservation on which I was not allowed to speak. It was my forefather Chhatrapati Shahuji Maharaj who gave the first reservation in Kolhapur State which was imbibed by Dr. Baba Saheb Ambedkar. He saw the mood of the House and let me speak. I also thank Dr. Patra for the same.

**श्री सभापति :** संभाजी छत्रपती जी हमेशा सब्जेक्ट पर तैयारी के साथ बोलते थे। वे rarely बोलते थे, लेकिन अच्छा बोलते थे। So, I have such admiration and soft corner for him. But today's problem is time, and I am told that some Members have taken long time in explaining the journey from birth till now. That will naturally take time for anybody.

SHRI T.G. VENKATESH (Andhra Pradesh): Sir, first and foremost, I thank you for blessing me as a Member of Parliament and also having such experienced colleague MPs representing all over the country. Sir, I belong to a joint family. There are freedom fighters in our family, 120 years' old industrialists and politicians. My father and other six members of my family were involved in different activities. So, I was able to learn from them all those activities that is why I became successful in my life. Mainly, when I was the Chairman of STC, this family background of mine had helped me about twenty to twenty five years back, and I improved the turnover of STC by twenty times. In the same way, when I became MLA, my performance was good.

MR. CHAIRMAN: Shri Venkatesh, you have to be brief; there are three more Members.

SHRI T.G. VENKATESH: Sir, I will say only the bullet points.

MR. CHAIRMAN: You have done good work as a Chairman of the Committee. Now, you are addressing the issues. Now, time is the issue here.

SHRI T.G. VENKATESH: Sir, as regards the performance of the Committee, giant personalities are in my Committee. I want to tell you that as there are no cameras in the Committee, we are able to discuss peacefully and achieve the goals.

4.00 P.M.

Here cameras will be on, discussions will not be taking place. So, generally, these Committees are contributing in a very big way. You have given me an opportunity and I have been able to give my best efforts. I worked with you for almost 40 years. Sir, you were Yuva Morcha President and I was Vice-President. Today you are the Vice-President of India, and I am an MP and both are retiring this year.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Venkatesh. ...*(Interruptions)*..

SHRI T. G. VENKATESH: But I am not retiring from politics and I am not retiring from welfare activities. Thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: He has really done commendable job as the Chairman of the Committee and submitted a number of Reports. ...*(Interruptions)*.. I know him right from my student days. ...*(Interruptions)*.. I took this liberty.

**डा. विनय सहस्त्रबुद्धे** (महाराष्ट्र) : सर, मैं मात्र डेढ़ मिनट में समाप्त करूँगा। मुझे सबसे पहले आपको, माननीय उपसभापति जी को धन्यवाद देना है। मेरे जैसे कार्यकर्ता को यहाँ पर मनोनीत करने के लिए, नामांकित करने के लिए उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अमित शाह जी, अभी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी के साथ-साथ माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारे नेता श्री पीयूष गोयल जी, मैं सभी के प्रति कृतज्ञ हूँ और अपना आभार व्यक्त करता हूँ। जब बीच में मैं बीमार था, कोरोना के कारण हॉस्पिटल में था, तब भी हमारे पार्टी परिवार के मुखिया के नाते प्रधान मंत्री जी ने दो-तीन बार मेरे बारे में पूछताछ की। मैं सभी का आभारी हूँ, कृतज्ञ हूँ। हमारे विपक्ष के भी बहुत सारे मित्र हैं, जिन्होंने हमें बहुत प्रोत्साहन दिया। जब श्रीमान् जयराम रमेश जी ने पहली बार चिट्ठी लिखकर कहा कि आपका भाषण अच्छा हुआ, तब मुझे बहुत अच्छा लगा। रजनी अशोकराव पाटिल जी, पुराने सदस्यों में हुसैन दलवई जी, डी. राजा जी, गुलाम नबी आज़ाद जी -- हमें प्रो. राम गोपाल यादव जी का बहुत स्नेह मिला, श्रीमान् गुजराल जी का भी स्नेह मिला, जया बच्चन जी ने भी काफी प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही, मनोज कुमार झा जी, डा. सस्मित पात्रा जी, संजय सिंह जी, ऐसे युवा साथियों ने भी हमें हमेशा प्रोत्साहित किया।

सर, समाप्त करने से पहले मेरे चार सुझाव हैं। मैंने यह आपसे भी मिलकर कहा था कि वहाँ आकर बार-बार पूछना कि हमारा नंबर कौन सा है, हम कब बोलेंगे, यह अच्छा नहीं लगता है। यहाँ पर आप कोई बोर्ड लगा दीजिए, ताकि हमारे लिए तैयारी करके शिद्दत से अपना भाषण रखना संभव हो पाए। इसके साथ ही, कई बार Question Hour और Zero Hour समाप्त हो जाते हैं। हम तैयारी करके आते हैं और लगता है कि आज लगेगा, लेकिन लगता नहीं है। मेरा दूसरा आग्रह है कि अगर Question Hour और Zero Hour house में नहीं होता है, I would suggest कि आप अपने सदन में, जैसे in camera court की proceeding चलती है, वैसी proceeding चलाइए, मगर हमें बोलने दीजिए और हमें तैयारी करके जो बिंदु रखने हैं, उनके लिए अवसर दीजिए। तीसरा, मेरा सुझाव है कि संसद को भी अपनी समीक्षा करनी चाहिए। साल में एक बार लोक सभा को राज्य सभा की समीक्षा करनी चाहिए, राज्य सभा को लोक सभा की समीक्षा करनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति के लिए self assessment का महत्व होता है। यह हमारे जनतंत्र का एक बहुत पुराना संस्थान है, अतः हमें अपनी समीक्षा करनी चाहिए। अंत में, यह जो समिति सिस्टम है, इसे 25 साल हो गए हैं। मैं मानता हूँ कि इसकी समीक्षा और उत्पादकता के बारे में और सोचना बहुत जरूरी है।

MR. CHAIRMAN: Thank you Vinayji. Vinayji is one Member who studies every subject and makes very useful and meaningful contributions along with Shri Bhupender

Yadav, who has now become a Minister. Dr. Vinay Sahasrabuddhe used to build consensus on many contentious issues and used to bring Reports.

**श्री शिव प्रताप शुक्ल** (उत्तर प्रदेश) : सभापति जी, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे आज के इस महत्वपूर्ण क्षण पर बोलने का अवसर दिया। मान्यवर, मैं विधान सभा में मंत्री था और आप केन्द्र में थे। जब मैं ग्राम विकास मंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश में था, तब आपका जो स्नेह और आशीर्वाद मिला, वह अभूतपूर्व था। श्रीमन्, यह एक अलग बात थी कि विधान सभा के बाद संसद में जाया जाए। उस समय संसद का मतलब यह नहीं था कि राज्य सभा में जाना है या लोक सभा में जाना है, लेकिन इसका मतलब लोक सभा ही होता था। हालांकि, हम जहाँ से थे, मुझे लगता है कि मेरे लिए वहाँ से लोक सभा में आने का अवसर नहीं था, परंतु पार्टी ने वह अवसर मुझे एकाएक दे दिया। मैं तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अमित शाह जी का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे यहाँ पर भेजने का काम किया, साथ ही, प्रधान मंत्री जी का भी आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे अपने मंत्रिमंडल में एक ऐसे मंत्री के रूप में लिया, जो काम आदरणीय अरुण जेटली जी कर रहे थे, उनके साथ मुझे लगाया। मैं समझता हूँ कि मेरे जीवन का वह अभूतपूर्व क्षण था, जब मैंने उनके मार्गदर्शन में काम करना शुरू किया।

मान्यवर, मैं यह जरूर जानता हूँ कि कर्म और भाग्य, दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर कर्म किया जाए तो भाग्य साथ देता है। मैं यहाँ एक उदाहरण जरूर देना चाहूँगा। हम लोग जब कभी-कभी कर्म के विषय में सोचते थे, तो आज के आदरणीय प्रधान मंत्री जी के विषय में हम लोगों ने कभी नहीं सोचा था, लेकिन मुझे गोरखपुर की एक बैठक याद है, जब वे राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में गोरखपुर गए थे। तब वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे, लेकिन वे कर्म कर रहे थे। "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन", यह जो सिद्ध हुआ, यह इसी आधार पर सिद्ध हुआ कि वे वहीं से बुलाए गए और गुजरात के मुख्य मंत्री बना दिए गए। अगर व्यक्ति कर्म के आधार पर चले, तो निश्चित रूप से उसका भाग्य भी उसका साथ देता है।

मान्यवर, आज हम इस बात को कह सकते हैं कि हमारी जो ललक थी, वह क्या थी। जहाँ तक हमें ध्यान है, जब मई, 1952 में इस सदन की पहली sitting हुई, तो उस समय के तत्कालीन सभापति, डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने यह कहा था कि संसद के दो कार्य होते हैं - legislative और deliberative. मैं समझ रहा हूँ कि उन्होंने legislative लोक सभा के लिए कहा और deliberative यहाँ के लिए कहा। यहाँ गंभीर बहस हुई है, लेकिन मेरी वह ललक खत्म हो गई। मुझे आज दुःख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि मेरी ललक उस समय खत्म हो गई जब मैं इस सदन में आया और यहाँ आकर देखा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा और यहाँ में कोई अंतर नहीं है। मैं हाथ जोड़कर सभी लोगों से निवेदन करूँगा कि इसमें निश्चित रूप से सुधार लाने की आवश्यकता है। अगर आप इसमें सुधार लाएँगे, तो इसको जो Elders' House कहा गया है, इस Elders' House की पवित्रता बनी रहेगी। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, आप यहाँ हैं, तो मुझे लगता है कि इसमें कुछ किया जा सकता है। मुझे तो सभी दलों के नेताओं का प्यार मिला, सभी सदस्यों का प्यार मिला, जिससे मैं अभिभूत रहता हूँ और इस नाते भी मेरा हाथ जोड़कर सबसे निवेदन है कि इस सदन की गरिमा के संदर्भ में जो समाज में संदेश गया है, आज हम सब लोग मिलकर इसके बारे में सोचें, ताकि यह जो सदन है, इसकी महत्ता बनी रहे, इसकी गरिमा बनी रहे। कुछ दिनों

बाद हम भी निवर्तमान हो सकते हैं। हम यहाँ रहें या न रहें, लेकिन जो लोग भी रहें, उन लोगों का यह कर्तव्य बनता है और वे इसको करें। मेरा यह निवेदन है कि सभी लोग इस पर निश्चित रूप से ध्यान देंगे।

अब मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूँ कि यह सदन अपनी गरिमा बनाए रखे, गंभीरता बनाये रखे। अगर इस सदन में कोई मेज़ तक जाकर, वैल में आकर सभापति को, उपसभापति को जो भी चाहे कह ले और उसके बावजूद हँसता हुआ चला जाए, तो इस संबंध में लोगों को अपने ऊपर विचार करने की आवश्यकता है, लोगों को अपने आपको जानने की आवश्यकता है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूँ कि सवेरे उन्होंने जो कहा, उससे उन्होंने सभी लोगों को जोड़ने का काम किया। इस तरह से जोड़ने का काम सभी लोगों को करना चाहिए। मुझे आशा है कि जिन लोगों ने जोड़ने का काम नहीं किया है, भविष्य में वे भी जोड़ने का काम करेंगे। यह मेरा निवेदन है, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, Shri R.S. Bharathi. I am sorry, there is a wrong indication here that you spoke at 3.34 p.m. It is wrong information.

SHRI R.S. BHARATHI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity. First and foremost, I would like to thank my leader, late Dr. Kalaignar for selecting me to this hon. House, and the present leader, Shri M.K. Stalin, who is also responsible for sending me to this august House. I would also like to thank you, Mr. Chairman, Mr. Deputy Chairman and all the Members in the panel of Vice-Chairmen. I had the privilege of serving three Standing Committees--Urban Development, Science & Technology, and Education. In all these six years, my friend, philosopher, guide, and our floor leader, Shri Siva, has been guiding me and I would like to thank him also. Thank you, Sir.

**श्री सभापति** : श्री शमशेर सिंह ढुलो जी, कृपया संक्षेप में बोलें।

**श्री शमशेर सिंह ढुलो** (पंजाब) : सर, मेरा पोलिटिकल स्टार्ट स्टूडेंट मूवमेंट से हुआ। मैं सन् 1967 में ए.एस. कॉलेज, खन्ना के स्टूडेंट यूनियन का सेक्रेटरी था और स्टूडेंट मूवमेंट में कई दफा जेल भी गया। सन् 1969 में, उस समय की अकाली सरकार ने मुझे कई महीनों तक जेल में रखा। मैं किसी पोलिटिकल फैमिली से नहीं हूँ। मेरे पिताजी ने Quit India Movement में हिस्सा लिया था। मैं उनकी प्रेरणा से सियासत में आया। मैंने वर्ष 1971 में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से लॉ की और मैं यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट यूनियन का सेक्रेटरी था। जहां मैं स्टूडेंट्स के हक के लिए लड़ता था, वहीं मैं टीचर्स के साथ भी cooperate करता था। मैं वर्ष 1972 में Municipal Commissioner बना, वर्ष 1973 में मैं Metropolitan Council, Khanna का वाइस चेयरमैन बना, वर्ष 1978 में मैं एशिया की biggest grain market, खन्ना का Municipal President बना और वर्ष 1980 में मैं एमएलए बना। उस समय पंजाब एक बॉर्डर स्टेट थी। उस समय आर.एल. भाटिया जी मेम्बर ऑफ

पार्लियामेंट थे, मैंने उनके साथ भी बतौर जनरल सेक्रेटरी काम किया। मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि मैं इंदिरा-काँग्रेस का founder member हूं। इंदिरा जी एक dynamic leader थीं, वर्ष 1977 में मैं उनकी प्रेरणा से काँग्रेस में आया, तब मैंने काँग्रेस ज्वाइन की, फिर एमएलए बना, उसके बाद मैं पंजाब में मिनिस्टर बना। मैं 15 साल पंजाब में जनरल सेक्रेटरी और प्रेसिडेंट रहा। जब पंजाब में militancy थी, वहां लोग देश में एक खालिस्तान बनाना चाहते थे। मैंने और सरदार बेअंत सिंह ने इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। 3 बार militants ने मेरे दफ्तर पर attack किया और हम बच गए।

**श्री सभापति** : शमशेर सिंह जी, प्लीज़ समय का ध्यान रखें। आपने पहले अपना नाम नहीं दिया था।

**श्री शमशेर सिंह ढुलो** : मैंने Minister of Excise and Taxation के तौर पर भी काम किया।

**श्री सभापति** : आप पार्लियामेंट के संदर्भ में बताइए।

**श्री शमशेर सिंह ढुलो** : मैंने as a Minister भी काम किया। इस हाउस में काम किया और मैं वर्ष 1999 में लोक सभा में भी चुन कर गया। उस समय हमारे महान नेता, वाजपेयी साहब थे। वे उस समय प्राइम मिनिस्टर थे, उनके साथ भी मुझे काम करने का मौका मिला, यहां भी आपके साथ काम करने का मौका मिला। यहां से बहुत कुछ सीखा और आपसे भी बहुत प्यार मिला। मैं सारे colleagues का धन्यवाद करता हूं। मैं यहां के स्टाफ का और सिक्योरिटी स्टाफ का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने हमें प्यार और स्नेह दिया।

मैं रूलिंग पार्टी से एक बात कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान दुनिया की बड़ी democratic country है। इस देश की आज़ादी के लिए शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे लोगों ने शहीदी पायी। किंतु अफसोस है कि आज़ादी के 75 वर्ष के बाद आज भी इस हिन्दुस्तान में करोड़ों ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज़ादी की खुशबू नहीं मिल सकी, वे बेघर हैं, वे आसमान को अपनी छत बनाकर रहते हैं। मैं आप सबसे यह आग्रह करूंगा और मौजूदा सरकार से भी आग्रह करूंगा कि जिन लोगों को आज़ादी की खुशबू नहीं मिली है, ऐसे करोड़ों लोगों के लिए education का प्रबंध करें, health का प्रबंध करें, धन्यवाद।

**श्री सभापति** : आपने पहले अपना नाम दिया होता तो आपको और भी समय मिलता। मैंने अभी आपका नाम receive किया।

**श्री शमशेर सिंह ढुलो** : मैं समझता हूं कि मेरी पार्टी वालों ने भी मेरा नाम नहीं दिया।

**श्री सभापति** : श्री गोपाल नारायण सिंह, बोलिए।

**श्री गोपाल नारायण सिंह** (बिहार) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले पार्टी को और पार्टी के सभी वरिष्ठ सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे इस उच्च सदन में आने का मौका दिया। मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधान मंत्री जी, उस समय के अध्यक्ष, अमित शाह जी और वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे इस august House में आने का मौका दिया और बहुत कुछ सीखने का मौका दिया। सभापति महोदय, मैंने इस सदन में बहुत कुछ सीखा है और इस सीख ने मुझे आने वाले समय में समाज में काम करने के लिए काफी प्रेरणा दी है। महोदय, आपने मुझे जिस तरह से संगठन का काम सिखाया और आगे बढ़ने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत एहसानमंद हूं। मैं इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**सभा के नेता (श्री पीयूष गोयल)** : सभापति महोदय, मेरे लिए तो आज विडम्बना है, क्योंकि आज मैं रिटायर हो रहा हूं, मेरी भी विदाई हो रही है और मैं भी सब का धन्यवाद करना चाहूंगा। दूसरी तरफ माननीय प्रधान मंत्री जी ने और हमारी पार्टी ने इस सदन के नेता के रूप में मुझे जो दायित्व दिया है, उस दृष्टिकोण से मैं हमारे सभी 71 माननीय सांसद, जो अब से लेकर जुलाई तक रिटायर होंगे, उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करना चाहता हूं, साधुवाद करना चाहता हूं। वास्तव में उनके पूरे कार्यकाल में और जैसा आपने सुबह बताया कि कई माननीय सदस्य वर्षों तक देश की सेवा में, सदन में भाग लेते रहे। चाहे छोटा कार्यकाल हो या बड़ा कार्यकाल हो, सभी ने अलग-अलग तरीके से अपनी-अपनी छाप, एक legacy इस सदन की गरिमा को बढ़ाने में छोड़ी है, वह याद रखी जाएगी, हम सब को प्रेरणा देती रहेगी और आगे चलकर इस सदन के लिए भी मापदंड के रूप में बनी रहेगी। कई सारी रूलिंग्स हैं, कई सारे अलग-अलग विषयों के ऊपर गंभीर चर्चाएं हुई हैं, वे एक तरीके से इस सदन के इतिहास में लिखी जाएंगी।

महोदय, मैं समझता हूं कि जिस प्रकार से आपने गत वर्षों में कई बार हम सबको disciplined approach के बारे में गाइड किया, हम सबको सुझाव दिए, वह वास्तव में हम सबके लिए एक reflection का भी period है कि हम किस प्रकार से आगे इस सदन को देखना चाहते हैं और देश के समक्ष भी किस प्रकार से अपने सदन की कार्रवाई को पेश करना चाहते हैं। आज संजोग की बात यह है कि शुरुआत में ही हमारे लीडर ऑफ दि अपोज़िशन माननीय खरगे जी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की याद दिलाई। वास्तव में यह मेरे लिए बहुत अच्छा संजोग है, क्योंकि मैं बचपन से ही उनकी गोद में खेला हूं और उनके साथ कंचे तक खेले हैं। मुझे अभी तक यह बात भी याद है कि वे पहली उंगली से कंचे को मारते थे। मेरा निशाना कभी नहीं लगता था, लेकिन दस फुट दूर जाकर भी उनका निशाना सीधा लग जाता था। आज कुछ मात्रा में वही बात मल्लिकार्जुन खरगे जी ने की। वे बताना चाह रहे थे कि अटल जी ने पीड़ा व्यक्त की थी कि उनकी बात सुनी नहीं जाती थी। वास्तव में मुझे याद आया कि यह सही बात है। उस समय विपक्ष की आवाज़ को सुनने के लिए कोई तैयार नहीं था, विपक्ष की आवाज़ बुलंद नहीं होने दी जाती थी। कई बार अटल जी कहा भी करते थे कि हमारी संख्या कम होने के कारण हम पर्याप्त मात्रा में अपना प्रभाव नहीं कर पाते हैं। खरगे जी, मैं आपको पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस सदन, इस सरकार और हमारे नेताओं की यह मंशा है कि हर पार्टी के, हर माननीय सदस्य के विचारों को अच्छे तरीके से ग्रहण करें। उनमें से जो अच्छे सुझाव आते हैं, उन पर अमल करने की

मंशा के साथ हम काम करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। वर्ष 2010 में, जब मैं पहली बार आया था, तो मुझे याद है कि मैं second last row में प्रो. मनोज झा जी की सीट पर बैठता था। माननीय अरुण जेटली जी स्वाभाविक रूप से याद आते हैं। वे हम सबका मार्गदर्शन करते थे, हम सबको मेंटर करते थे। आज कई माननीय सदस्यों ने उनको याद किया, कई माननीय सदस्यों ने सुषमा जी को भी याद किया। हम सबके लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े-बड़े महानुभावों ने इस सदन को दिशा दी और इस सदन की दशा को सही मायने में अच्छा रखने में बड़ा योगदान दिया।

माननीय चेयरमैन सर, वास्तव में आपका भी इस सदन में इस तरफ या उस तरफ, अगर दोनों तरफ का योगदान देखें, तो हम सब आपको भी बहुत मिस करते हैं। आप हममें से निकलकर आसन पर आ गए, लेकिन आपका जो योगदान था, जिस प्रकार से आप हम सबको सांसद के रूप में प्रोत्साहित करते थे, मार्गदर्शन देते थे, वह always हम सबकी memory में रहेगा और हम सबको गाइड भी करेगा। कई बार nervousness आती है, शुरू-शुरू में कई बार डिबेट में पार्टिसिपेट करने में बहुत हिचक होती थी। मुझे याद है, तब आप जैसे पीठ थपथपाकर कहते थे कि जो ध्यान में आता है, वह बोलो और अच्छी तरह पढ़कर आओ, सीखकर आओ। अपनी पहली डिबेट से पहले जब मैं आपके पास आया था, वह IRDA और SEBI पर मेरी पहली डिबेट, maiden speech थी। उन दिनों तो समय की पाबंदी नहीं होती थी। शायद मैंने अपनी maiden speech 50 मिनट दी थी। वह रुचि का सब्जेक्ट था, SEBI और IRDA के बीच झगड़ा चल रहा था, मैं नर्वस भी बहुत था, लेकिन माननीय चेयरमैन साहब, आपने उस दिन मेरी पीठ थपथपाई थी और कहा था कि पढ़कर आए हो न, तो मैंने कहा कि मैं दो दिन सोया नहीं हूं और इसी की स्टडी की है। आपने कहा था अपनी बात को पूरी अच्छी तरह से रखो। मुझे आनन्द आता है, जब मैं याद करता हूं कि कैसे प्रणब दा ने उस समय मेरा हौसला बढ़ाया था। कैसे जब पहली बार बजट में मुझे वहां बैठे हुए ओपन करने का मौका आपने दिया था, तब प्रणब दा ने उसकी बहुत सराहना की थी और मुझे एक प्रकार से और ज्यादा उत्साहित किया कि मैं रिसर्च और स्टडी करके यहां पर काम करूं। मैं यह इसलिए दोहरा रहा हूं कि हममें से भी कई सदस्य नये हैं। अब और भी कई सारे नए सदस्य आएंगे। हम यह जरूर आशा करेंगे कि रिटायरिंग सदस्यों में से अधिकांश सदस्यों को सदन की सेवा करने का फिर मौका मिले। हम पुराने और नए सभी सदस्यों को लगातार रिसर्च करके तर्क के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। आप कई बार कहते हैं कि अच्छे शब्दों और अच्छी शब्दावली का इस्तेमाल करके वही बात कही जा सकती है, बजाय तंज कसने के। एक प्रकार से "तू-तू, मैं-मैं" की राजनीति से ऊपर उठकर अगर हम सब एक संवेदनशील सांसदों की तरह देश हित में और जनता के हित में काम करते हैं, तो मैं समझता हूं कि वास्तव में जो उच्च सदन है, जिसे हम House of Elders के रूप में समझते हैं, उसकी गरिमा और बढ़ेगी और देश का विश्वास भी हम सभी पर बढ़ेगा। हम सभी के लिए बहुत सुखद अनुभव रहा है। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस प्रकार से गत वर्षों में देश को दिशा दी है, जिस प्रकार से structural changes किए हैं, इस देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सबको लगातार उनका मार्गदर्शन मिला है, उनके निर्णायक नेतृत्व का लाभ मिला है, इसीलिए मुझे आशा है कि इस देश का भविष्य बड़ा उज्ज्वल है। इसके साथ उनका जो समर्पण है, जिस प्रकार से उन्होंने इस देश के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस सरकार में हम सबको भी काम करने में लगाया है, जिस प्रकार से वे सभी के साथ मिलकर सबका साथ लेकर, सबका विश्वास जीतकर इस देश का विकास करना चाहते हैं, सबके साथ सबका

प्रयास जोड़ते हुए, लोकतंत्र को और मजबूत करना चाहते हैं, उसमें राज्य सभा में बैठे हम सभी सांसदों की एक बहुत अहम भूमिका रहेगी। कोविड के समय कई ऐसे मौके आए - कोविड अच्छा नहीं था, लेकिन सभी ने एक आवाज में इस महामारी के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प दिखाया और जिस प्रकार से अलग-अलग विषय, जो राष्ट्रीय हित, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े रहते हैं, उसमें पूरा सदन एक होता है, तो ये सब अच्छे संजोग हैं और मैं समझता हूं कि इनको आगे चलकर हम कैसे और बल दें, इस पर हम सब मिलकर काम करेंगे, तो अच्छा रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

Retirement is certainly a time of mixed feelings. We will miss the contributions of all our esteemed colleagues who may not come back. We will remember them for their outstanding work. But, at the same time, I think, life is a journey; we all are parts of that journey. गंगा के प्रवाह की तरह समय भी बीतेगा, जिंदगी भी बीतेगी और हम सब अपने-अपने कर्तव्यों और अपनी देशभक्ति का परिचय देश को लगातार देते रहेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। जिन सांसदों ने यहां पर सेवा दी और जो वापस नहीं आएंगे, उनके प्रति मैं अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करता हूं। उन्होंने जो सहयोग दिया, जिस प्रकास से पूरी निष्ठा के साथ और अपना पूरा ज्ञान लेकर यहां पर उन्होंने डिबेट्स, क्वेश्चन्स और अन्य विषयों पर पार्टिसिपेट किया, वह हम सभी के लिए यादगार बना रहेगा। आपका, आपके स्टाफ का, सेक्रेटरी जनरल का, टेबल ऑफिस, मार्शल्स, सिक्योरिटी स्टाफ और इस पूरे प्रांगण में जितनी व्यवस्थाएं हैं, वे जितनी clockwork precision से चलती हैं, यह अपने आप में एक बड़ी अनोखी सी व्यवस्था है। मैं समझता हूं कि इस पूरी व्यवस्था के प्रति भी एक रिटायरिंग मैम्बर होने के नाते मैं अपना साधुवाद और धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं सबका नाम नहीं लूंगा, परंतु अगर कभी किसी नोंक-झोंक में किसी को मेरी कोई बात अच्छी नहीं लगी हो, कम-ज्यादा रह गई हो, तो मैं उसके लिए क्षमा भी चाहूंगा। मैं समझता हूं कि अच्छी बहस और अच्छी मित्रता में अगर कभी थोड़ी-बहुत नोंक-झोंक भी हो जाए, तो वह इतना बुरा नहीं है। हम सब मिलकर आगे भी अपनी मित्रता रखें, आगे भी दोस्तों के नाते काम करते रहें, ये innings, कुछ मात्रा में एक-एक पड़ाव आज cross होगा या इस दौरान cross होगा, पर टैस्ट मैच तो लंबा है और हम सब खेलते रहेंगे। कई लोग same pitch पर खेलते हैं, कई लोगों को पिच बदलने का मौका मिलता है। कई लोगों के लिए अभी भी आमंत्रण है कि अगर वे पिच बदलना चाहें, तो नई opportunities available हैं। मैं समझता हूं कि हम सब मिल-जुलकर काम करें। मैं आगे के लिए सभी के अच्छे स्वास्थ्य और अच्छे भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं। सभापति जी, एक बार पुनः आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The Special Mentions which were given today will be taken up on the next working day; they will be there on record. It may be kept in mind. Then, I would like to thank all the Members who have participated in today's farewell function within the House. At six o'clock, there is a programme in *Uprashtrapati Niwas*. I appeal to all of you, retiring Members as well as others, to join that programme. There is a cultural programme by some of our Members. Also, later, there is a

memento presentation to the retiring Members, and, then, there is a dinner for all the Members. Please join that and enjoy. Thank you.

The House is adjourned to meet at 11.00 hours on Friday, the 1st April, 2022.

*The House then adjourned at twenty-seven minutes past four of the clock till eleven of the clock on Friday, the 1st April, 2022.*

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)